July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Pioneers of Modern Art

Dr. Ramashanker Mishra*

***PGT Teacher (Art) Mody School, Lakshmangarh, Sikar (Raj.) INDIA**

Introduction - Modern art is the art of almost the whole of the twentieth century, but it began in the nineteenth. During the 1880s, three very different pioneers, Paul Cézanne, Vincent van Gogh and Paul Gauguin, started to push beyond impressionism, trying to find for their painting a new moral and emotional framework. The impressionists had been content to look at nature with attention but without passion. They did not want to question it, or place themselves in it. The post-impressionists expected to get involved and in this way brought a renewed, almost righteous, ripple of feeling back into their work. In a short time the ripple became a tidal gush of vividly coloured emotions which inundated painting. For a time it became an artist's duty to fill the canvas with sensibility. This flowed unchecked for the first decade of the new century, until it provoked the reaction of cubism.

The parameters of cubism may be gauged by two remarks from its founders. 'For me painting is a dramatic action in the course of which reality finds itself split apart,' said Pablo Picasso flamboyantly. The quieter, subtler Georges Braque chose to emphasize a less percussive aspect of the new art when he disclosed: 'I don't believe in things. I believe in relationships. This kind of talk, and more particularly the painting to which it referred, was met with blank incomprehension by 95 per cent of those who encountered it. They saw only the deranged product of two probable lunatics.

As we see now, cubism was no more insane than impressionism was in the 1870s, when it faced the same charge. In any case, the new painting was much more than just an expression of its leaders' creative force -although there was plenty of that in Picasso and Braque. It was an answer to the problem of unbridled emotion in the Nabis, the post-impressionists and the Fauves. That answer, so apparently extreme and contorted, was imbued with a very twentieth-century sense of paradox. The writer Karl Kraus described it as making 'a riddle out of a solution',a formula that comes as close as six words can to expressing the spirit of cubism. Despite its inflammatory reputation, the discourse of this art was intellectual, its methods of composition deliberate and studious and the colouring of its pictures decidedly low-key.

Yet the word 'inflammatory' is just. Cubism lit the touchpaper for an explosion, the largest intellectual revolution in the visual arts since the Renaissance discovery of perspective. And its pioneers, closeted in their Montmartre studios, brooded on many of the central preoccupations of the twentieth century: the space-time continuum, the atom, the validity of sensory experience. They were not alone in this. It was the age of science, in which twentieth-century humanity suddenly caught hold of the suspicion that observable reality might be an illusion, or a confidence trick. And what if, instead of nobility and an immortal soul, we carried inside us only a snake pit of competing desires or, worse, a void? These are profoundly unsettling but, for some individuals, feverishly exciting thoughts which arrived along diverse channels. Einstein and Freud were two of the most important of these. Cubism was a third.

The post-impressionists declared that looking is not seeing. Braque and Picasso's first task, with their split-open multiple-aspect forms, was to show that seeing is not understanding. Their next task, a challenge that was taken up energetically by a host of offshoots, was to invent visual languages beyond seeing. Right at the front of what was beginning to be called the avant-garde of art the metaphor is a military one, referring to those 'riding point' at the head of an army cubism now began to fly above, or circle around or even pass through solid form. Its followers went on, like a victorious raiding party, to capture the essence of movement, expose misconception and root out the fundamentals of sensory truth. The consequences of all this activity, packed into a few momentous years just before the (differently shattering) upheaval of the First World War, were profound and irreversible. For all serious artists, cubism had broken through the wall of protective illusions about pictorial space. The breach was establishedand the apparently ragged and disorganized forces of 'the new art' poured through, proclaiming liberation.

The artists themselves sometimes grasped the same liberty in their private lives, creating the stereotype of the penniless, hell-raising bohemian, always drunk on absinthe.

Some, like Modigliani, really were like this. But most were profoundly serious people and occasionally too much so for their own good: Braque's reputation suffered to an extent because of his personal dullness next to the bravura of Picasso; Arshile Gorky and Jackson Pollock just suffered.

The absolute creative freedom claimed by modernism was bound to put it on a collision course with the new authoritarian politics which arose in the wake of the First World War. This, after all, was at least in part a reaction to the avant-garde in the arts, which was seen as symptomatic of an overall social sickness and disorder. Stalin's cultural apparatchiks called it 'formalism' and sent many artists to the Gulags. The Nazis condemned it as Degenerate Art and mounted a scathing exhibition of the stuff in Munich in 1937. At its opening Hitler, the failed watercolourist, declared: 'If artists do see fields blue, they are deranged and should go to an asylum. If they only pretend to see them blue, they are criminals and should go to prison.' Hitler and Stalin had some reason beyond their own prejudices to hate modern art, because many of its leading figures were sympathetic to, if not deeply involved in, left-wing revolutionary activity. Picasso's great protest painting Guernica rages against the rise of Franco and his use of terror bombing in the Spanish Civil War. Dada and surrealism were from the start aligned on the political left. And, in the 1960s, art and political subversion became in some quarters virtually interchangeable.

On the other hand there were spiritual (and spiritualist) dimensions to modernism that had little to do with politics, including the extraordinary rise and (by mid-century) fall of theosophy, an attempt to start a new religion mainly by two women, the Russian Madame Blavatsky and her English acolyte Annie Besant. Theosophy had little todo with cubism but it left its imprint on modern art through four key avant-gardistes, Wassily Kandinsky, Constantin Brancusi, Piet Mondrian and Jackson Pollock. The vital constant here is the opposite of Guernica's public howl. It is an intensely private and inner art, a dialogue with the soul. Pollock, one of its most intense practitioners, called all painting self-discovery. 'Every artist paints what he is,' he said, though he also insisted that what was created went on to live 'a life of its own'. The strong implication here is that the artist, as creator of 'living' works, bears a solemn responsibility that is unique among human activities.

References:-

1. On Modern Art, Jean Paulsartre White Publication, 2011
2. Origin's of Modern Art, Rosalind Ormiston, Flametree Publication 2015,Oct 06
3. History of Modern Art, H. H. Arnason, 2003,August 29
4. Modern Art in America, Agee William Phaidon Publication 1908-68

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

हिन्दी साहित्य में दलित चेतना का विकास

मनोज कुमार*

* सहायक आचार्य (हिंदी) शारदा कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, अनूपगढ़ (राज.) भारत

प्रस्तावना – इक्कीसवीं सदी में सामाजिक न्याय की अवधारणा को लेकर जो विमर्श चल रहे हैं, उनमें से स्त्री–विमर्श और दलित–विमर्श प्रमुख हैं। सामाजिक न्याय की अवधारणा के अंतर्गत स्त्री और दलित दोनों की ही स्थिति में परिवर्तन आया है। दलित–विमर्श के अंतर्गत दलित वर्ग के संघर्ष, उत्पीड़न, शोषण तथा विद्रोह को इक्कीसवीं सदी की हिंदी–कहानियों में अभिव्यक्ति मिली हैं। वर्तमान समय में दलितों ने अपनी कमजोरियों को पहचानकर अपने समाज के उत्थान तथा विकास की दिशा में कदम बढ़ाए हैं अर्थात् इक्कीसवी सदी में दलितों का सशक्तीकरण हुआ है। दलित शब्द का अर्थ 'टूटा हुआ', 'दबा व कुचला' हुआ माना गया है।

'दलित' शब्द की उत्पत्ति संस्कृत धातु 'दल' से हुई है, जिसका अर्थ फटना, खंडित होना, द्विधा होना है। संक्षिप्त में 'हिन्दी शब्द सागर' में डॉ. रामचंद्र वर्मा ने 'दलित' का अर्थ विनष्ट किया हुआ, मसला हुआ, मर्दित, दबाया, रौंदा दिया है। श्री प्रेमकुमार मणि ने दलित साहित्य की परिभाषा करते हुए लिखा है कि 'दलितों के लिए दलितों के द्वारा लिखा जा रहा दलित साहित्य है। यह विलास का नहीं, आवश्यकता का साहित्य है। संपूर्ण विज्ञान उसकी दृष्टि है और पीड़ित मानवता का उद्धार इसका इष्ट है। दलित साहित्य वह प्रकाश –पुंज है, जो अँधेरे में उतरा है।'

सर्वप्रथम मराठी में दलित साहित्य का आरंभ बीसवीं शताब्दी के छठे दशक से माना जाता है। हिंदी में इसका आरंभ 20वीं शताब्दी के आठवें दशक में माना जा सकता है। दलित साहित्य का स्वरूप आज विस्तृत हो रहा है, इसमें कविता, उपन्यास, कहानी, नाटक, दलित आत्मकथा, दलित–आलोचना, दलित–निबंध, दलित पत्र–पत्रिकाएँ आदि भी सम्मिलित की गई हैं। दलित साहित्य मुख्य रूप से वास्तववाद पर आधारित है। इसमें आदर्शवाद को कोई स्थान नहीं। दलित साहित्यकारों ने जो कुछ भुगता है, वही नाटक, कहानी, उपन्यास, कविता के माध्यम से अभिव्यक्त किया है। दलित साहित्य की प्रेरणा डॉ. अंबेडकर की विचारधारा तो थी ही, महात्मा फुले का संघर्ष, मार्क्स की क्रांतिदृष्टि भी थी।

दलित वर्ग प्राचीन काल से ही शोषित व पीड़ित वर्ग रहा है। भारतीय समाज मुख्य रूप से चार वर्णों में विभाजित है– ब्राह्मण, क्षत्रिय वैश्य एवं शूद्र। अंतिम वर्ण 'शुद्र' जो आज दलित शब्द के नाम से प्रचलित है। अरविंद कुमार, कुसुम कुमार ने दलित के कई संदर्भगत अर्थ दिए है। एक अर्थ है शोषित, एक अर्थ है पराजित, जिसमें दमित, विजित आदि अनेक भावार्थ शामिल हैं। एक अर्थ पद्दलित है, जिसमें दलित पदाक्रांत आदि अर्थ शामिल हैं। ज्ञानशब्दाकोश में दलित का अर्थ रौंदा, कुचला, दबाया हुआ पदाक्रांत के साथ हिन्दुओं में वे शूद्र, जिन्हें अन्य जातियों के समान अधिकार प्राप्त नहीं है, भी दिया है। माताप्रसाद ने अपनी पुस्तक हिंदी–काव्य में दलित काव्यधारा में दलित शब्द के अनेक प्रयोगात्मक अर्थों की चर्चा की है, जिसमें चांडाल, अस्पृश्य, अछूत आदि शामिल हैं। उपेक्षित, अपमानित, उत्पीड़ित, प्रताड़ित भी इसी कोटि में आने वाले शब्द हैं। शब्द के व्यापक सामाजिक अर्थों में गुलाम, भूमिहीन, बंधुआ भी शमिल हैं।

डॉ. अंबेडकर ने दलितों को एक नारा दिया था – शिक्षित बनों, संगठित रहो, संघर्ष करो। डॉ. भीमराव अंबेडकर के इस नारे से प्रेरणा पाकर दलित–वर्ग सशक्तीकरण की ओर अग्रसर है।

दलित कौन है – दलित का अर्थ है, जिसका दलन किया गया हो, अर्थात जो शोषित व उत्पीड़ित हुआ हो। सदियों से मानव समाज में, मनुष्य के द्वारा शोषित होता रहा है। समाज का एक वर्ग इसी शोषण का शिकार है यही वर्ग दलित कहलाता है। दलित शब्द में आक्रोश, पीड़ा, घुटन, चीख, वेदना और छटपटाहट छुपी है।दलित आंदोलन की शुरूआत महाराष्ट्र से हुई। यहीं से मराठी दलित लेखन का प्रारंभ होता है।अंबेडकर के अनुसार दलित साहित्य द्वारा दलितों के उत्थान के लिए लिखा गया साहित्य ही दलित साहित्य है लेकिन कुछ साहित्यकारों को छोड़कर बाकी सभी ने दलित साहित्य के नाम पर स्वयं के जीवन के यथार्थ का जीवंत रूप प्रस्तुत किया है या आत्मकथा के माध्यम से अपनी बात कही है।प्रेरणा स्त्रोत – ज्योतिबा फुले, डॉ. भीमराव अंबेडकर ने दलितों के स्वाभिमान को जगाया, आत्मविश्वास बढ़ाया।मराठी साहित्य से दलित साहित्य का प्रारंभ 1960 से माना जा सकता है। दलित साहित्य में दलित साहित्यकारों का भोगा हुआ यथार्थ साहित्य के रूप में सामने आया।दलित साहित्य की विद्या आत्मकथा है, जिसमें दलित साहित्यकार अपने भोगे हुए यथार्थ को शब्दों के रूप में प्रस्तुत करता है।दलित साहित्य में मराठी दलित साहित्य की शुरूआत दयापंवार की 'जूठन' से मानी जाती है।महाराष्ट्र में महार जाति की स्थिति अत्यंत दयनीय है, उन्हें आज भी मरे हुए जानवरों को ढोने के लिए बुलाया जाता है तथा उनके साथ आज भी अछूतों सा व्यवहार किया जाता है।प्राचीनकाल में 'दलित' जैसी कोई अवधारणा ही नहीं थी यदि होती तो मीराबाई जैसी ऊँचे कुल की महिला रैदास को अपना गुरू कभी स्वीकार नहीं करती।

हिन्दी साहित्य में दलित साहित्य का प्रारम्भ 1914 में सरस्वती पत्रिका में प्रकाशित 'हीराडोम' की 'अछूत की शिकायत' कविता से माना जाता है। कविता के माध्यम से कवि ने अपने अछूत होने की पीड़ा को व्यक्त किया है

जिसकी एक बीमार बेटी है जिसे इलाज के लिए न तो वह वैद्य के पास ले जा पाता है और ना ही ईश्वर की अनुकम्पा पाने हेतु देवी मंदिर ले जा पाता है। इसी कशमकश में एक दिन वह जल्दी सुबह नहाकर देवी के मंदिर इस आशा से जाता है कि देवी के चरणों का फूल वह अपनी बेटी के तकिये के नीचे रख देगा तो वह जल्दी ठीक हो जाएगी लेकिन जैसे ही वह मंदिर से फूल लेकर लौटता है उसके अछूत होने का साया उसके पीछे पड़ जाता है पुजारी व गाँव वालों की नजरों में उसे दोषी करार दिया जाता है तथा इस अपराध की सजा भी उसे भोगना पड़ती है।

अपने दलित सरोकारों के कारण प्रताड़ित किए गए डॉ. दयानंद बटोही ने हिंदी दलित कविता में अपनी अलग पहचान बनाई है। उनका काव्य-संग्रह 'यातना की आँखेय नवगीत विधा में सामाजिक विसंगतियों को अभिव्यक्त करता है, लेकिन पाठकों का ध्यान उनकी अन्य कविताओं ने खींचा है। उनकी एक प्रसिद्ध कविता है – 'द्रोणाचार्य सुने उनकी परंपराएँ'। इस कविता में उन्होंने विद्यालयों से लेकर विश्वविद्यालयों तक में दलित छात्रों के साथ हो रहे अन्याय को मारक अभिव्यक्ति दी है –

मैं सिर्फ/द्रोन तुम्हारे रास्तों पर चले गुरू से कहता हूँ
अब दान में अँगूठा माँगने का साहस कोई नहीं करता
प्रैक्टीकल में फेल करता है।
प्रथम अगर आता हूँ तो,
छठा या सातावाँ स्थान देता है
जाति गंध टाइटल में खोजता है
वह आत्मा और मन को बेमेल कतरा है।

जूठन में दयापंवार ने दलितों के जीवन की कटु सच्चाई को प्रस्तुत किया है कि किस तरह वे लोगों की जूठन के लिए तरसते हैं ताकि उनका अपना जीवन चला सके।इसी श्रृंखला में शरणकुमार लिम्बाले, सुशीला टाकबोरे आदि साहित्यकारों ने दलित साहित्य के रूप में अपने जीवन के कड़ुवे सच को उजागर किया है।दलित साहित्य 80 के पश्चात् अस्तित्व में आया जब ओमप्रकाश वाल्मीकि ने अपने दलित होने की वेदना कुछ इस तरह व्यक्त की –

कभी नहीं माँगी बालिश्त भर जगह, नहीं माँगा आधा राज भी, माँगा है
सिर्फ न्याय, जीने का हक, थोड़ा सा पीने का पानी।

ओम प्रकाश वाल्मीकि मूलत: कवि है उनके द्वारा कुछ नाटक भी लिखे गए हैं।

दलित साहित्यकारों द्वारा लिखे गए उपन्यासों में उन्होंने अपनी दयनीय स्थिति को वर्णित किया है। कविता में आक्रोश के स्वर मुखरित हुए है। जैसे मोहनदास नैमिशराय ने दलितों को बनाने वाले ईश्वर पर अपना आक्रोश व्यक्त किया है कि ईश्वर यदि एक है तो फिर यह ऊँच-नीच किसके द्वारा बनाया गया।

'ईश्वर की मौत उस पल होती है, जब मेरे भीतर उठता है जवाब कि ईष्वर
का जन्म किस माँ की कोख से हुआ और ईश्वर का बाप कौन है?'

मोहनदास नैमिशराय ने अपने उपन्यास क्या मुझे खरीदोगे में नारी के देह शोषण से लेकर उसकी समस्याओं के साथ समाज में उसकी स्थिति को चित्रित किया है।

डॉ. जयप्रकाश कर्दम हिंदी दलित कविता के सशक्त हस्ताक्षर हैं। इनका काव्य-संग्रह 'गूँगा नहीं था मैं' हिंदी – क्षेत्रों में काफ़ी चर्चित रहा है। उनकी कविता की एक बानगी यहाँ प्रस्तुत है। वह अपनी 'दमन की दहलीज़ पर' कविता में लिखते हैं –

तमाम विरोधों और दबावों के बावजूद
जाति के जंगल का यह जीव
अपनी मुक्ति के लिए अड़ा है
अपनी अस्मिता और अस्तित्व के लिए लड़ा है। और आज
तमाम हौसलों के साथ
हाथों में खंजर लिए वह
दमन की दहलीज़ पर खड़ा है।
और ललकार रहा है चीख़कर
बाहर निकल हरामज़ादे/तेरी ऐसी की तैसी।

जयप्रकाश कर्दम के 1994 में प्रकाशित 'छप्पर' उपन्यास में उत्तर प्रदेश के मातापुर गाँव के चमार जाति का चित्रण किया गया है। इस उपन्यास में यथार्थवादी दृष्टिकोण के माध्यम से दलितों की समस्याओं का मार्मिक चित्रण हुआ है। अज्ञानता के कारण कुपरंपराएँ, संकुचितता, व्यसन, अंतर्विरोधों का होना स्वाभाविक हैं। चंदन नामक पात्र शहरी दलितों में व्याप्त व्यसन से उनकी बर्बादी रोकने और व्यसन-मुक्ति हेतु प्रयत्न करता है। पढ़ाई का महत्व भी समझाता है कि 'पढ़-लिखकर हमारे समाज में लोग ऊपर नहीं उठेंगे तो हमें कौन पूछेगा। हमें समाज से टक्कर लेनी है। सत्ता से लड़ाई लड़नी है, जुल्म और शोषण के विरूद्ध संघर्ष करना है। इन सबके लिए फौज़ तैयार करूँगा मैं।'

सत्यप्रकाश जी के 1998 में प्रकाशित 'तस, तस, भई सवेर' उपन्यास का महत्व दलित चेतना के उपन्यासों से उल्लेखनीय है। लेखक ने ग्रामीण दलितों की समस्याओं को चित्रित करके बताया है कि दलितों की रूढ़िवादिता और धर्मांधता दलितों के विकास के अवरोधक अंग हैं। इससे मुक्त होने पर बल दिया गया है। 'हंसा' का मानसिक, आर्थिक, शारीरिक शोषण ज़मींदार देवीपाल करते हैं। ग्रामीण अनपढ़ दलित धर्मांधता में फँसते ही जाते हैं, जिससे मुक्ति पाना मूल विचार है।

मोहनलाल ने 1999 में प्रकाशित अपने उपन्यास 'मुक्ति पर्व' में दलित-जीवन का यथार्थ चित्रण किया हैं। उपन्यास के प्रारंभ में लेखक ने लिखा है कि 'हम मुक्तिपर्व किसे कहें? जब देश आज़ाद हुआ उसे या जब किसी जाति या कुछ जातियों को आजादी मिले उसे?..... यही सवाल आज़ादी के बाद से लेकर अब तब दलितों के भीतर उठता रहा है, जो उनकी भावनाओं को समय-समय पर उद्वेलित करता है।

उपर्युक्त उपन्यासों में स्वानुभव पर आधारित यथार्थ दिखाई पड़ता है, जिसमें सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, शैक्षिक, राजनीतिक, साहित्यिक समस्याओं का चित्रण है, जिससे दलितों में नई चेतना, नई दिशा प्रस्थापित हो।जयप्रकाश कर्दम ने दलितों को आरक्षण मिलने पर लोगों द्वारा पूछे गए सवालों का कुछ इस तरह उत्तर दिया कि – तुम्हारा आरक्षण उचित है।आरक्षण में आय. पी. एस. बनने वाले कलेक्टर का ब्राह्मणों के प्रति विद्रोह जब सवर्णों को आरक्षण मिला हुआ था तब व्यक्त किया।

'अपने-अपने पिंजरे में लेखक को दलित होने के कारण जो जीवन जीना पड़ा, उसके जीवंत अनुभव हैं। वे लिखते हैं कि हिंदू होने के बाद भी मुझे मंदिर जाने से रोका जाता है।' मंदिर और सवर्णों के लिए हम शूद्र थे, अछूत थे, दलित थे, पर इंसान न थे। हमारी छाया भी उनके लिए अपवित्र थी। एक दिन मंदिर के बाहर प्रसाद लेते समय पुजारी की उँगलियाँ जब लेखक के हाथ से छू गई तो पुजारी ने गुस्से से और घृणा से कहा था – 'तू

चमार है न, सब भ्रष्ट कर दिया। कितनी बार कहा तुम ढोरों से, प्रसाद दूर से लिया करो।

नैमिशराय को बचपन में शिक्षा जैसे पवित्र क्षेत्र में भी अपमान सहना पड़ा। वे कहते हैं – 'पहले चमारों का कुआँ, चमारों का नल, चमारों की गली, चमारों की पंचायत आदि कहा जाता था। हम स्कूल जाने लगे तो चमारों का स्कूल कहने लगे।' एक विशिष्टि जाति के कारण मंदिर, शिक्षा तथा पानी से दूर रखने की सवर्णों की साज़िश का दस्तावेज 'अपने-अपने पिंजरे' आत्मकथा है।

ओमप्रकाश वाल्मीकि की आत्मकथा 'जूठन' रोटी की समस्या की ओर इशारा करती है। जाति से चुहडा होने के कारण वाल्मीकि को अपमान सहना पड़ता है। घर में घोर दरिद्रता थी। माँगे हुए किसी के कपड़े, पुस्तकों से इन्हें काम चलाना पड़ता था। किसी घर की अथवा बारात की 'जुठन' को सुखाकर महीना-भर काम चलाना पड़ता था। एक प्रसंग लेखक के मन-मस्तिष्क पर आज भी क़ायम है। गाँव के किसी सुखदेव त्यागी के घर बारात थी। लेखक की माँ टोकरा लेकर जूठन की अपेक्षा में बैठी थी। वह मालिक से पत्तल माँगती है। मालिक उन्हें नकारता है। भड़कता है। स्कूल में उन्हें हैंडपंप को छूने नहीं दिया जाता अथवा जाति का पता लगने के बाद ब्राह्मण प्रेमिका भी नकार देती है। इस प्रकार जाति के कारण हर मोड़ पर संघर्ष करना पड़ता है।

'दोहरा अभिशाप' की लेखिका कौशल्या बैसंगी बचपन से जाति से नफ़रत करने लगती है। उन्हें भी स्कूली जीवन में जाति के ज़हर का अनुभव आने लगता है। स्कूल में अक्सर बात-बात पर चमार, भंगी, महार नाम से पुकार जाता है। आर्थिक दयनीयता के कारण लेखिका को ठीक पद्धति के कपड़े भी पहनने को नहीं मिलते थे, इन सभी के पीछे मुख्य समस्या है जातिवाद।

दलित साहित्य को पढ़ने के बाद स्पष्ट होता है कि 'दलित साहित्य' दलित समुदाय के विविध आयामों को अपने अंदर समेटकर शोषण के हर पहलू की समाजशास्त्रीय जाँच करता है। यह साहित्य धर्म के नाम पर दलितों के साथ सौतेला व्यवहार करने वाले सवर्ण समाज के दोगलेपन को खोल रहा है।

टॉलस्टाय ने एक जगह कहा है कि दु:ख के कारण भले ही एक हों, दु:ख के प्रकार अलग होते हैं। हिंदी के दलित लेखकों के दु:ख का कारण एक है, पर दु:ख के प्रकार अलग-अलग हैं। अपमान की आग में जूझते दलित लेखकों की ये रचनाएँ केवल एक व्यक्ति के अनुभव की अभिव्यक्ति नहीं है, बल्कि संपूर्ण समाज के अनुभवों की अभिव्यक्ति हैं, क्योंकि प्रत्येक दलित के जीवन में ऐसे अपमान से जूझने के प्रसंग आते हैं।

परंपरा से जिन लोगों को धर्म, वर्ण और जाति के नाम पर हाशिए पर रखा गया था, वही लोग आधुनिकता के दौर में सबकी चिंता और चिंतन के केंद्र बन गए थे। परंतु उत्तर आधुनिक दौर ने बाद में पुन: उन लोगों को न केवल हाशिए पर रखा बल्कि विकास का सपना दिखाकर अपने कर्म और भूमि से भी विस्थापित कर दिया है। परिणामस्वरूप आधुनिक दौर में शुरू हुए स्त्री-विमर्श, दलित-विमर्श और आदिवासी-विमर्श आदि विमर्शों का विमर्शमूलक आख्यान प्रस्तुत करने की परंपरा उत्तर-आधुनिक दौर के साहित्य में विकसित होती दिखाई दे रही है। हृषीकेश सुलभजी ने आने नाटक 'बटोही' में इसी परंपरा का बड़ी क्षमता के साथ निर्वाह किया।

वास्तव में दलितों की समस्या अत्यंत पुरानी समस्या रही है। उसका एक लंबा इतिहास रहा है। दलितों की समस्या के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए श्री खगेंद्र ठाकुर एक पुस्तक की प्रस्तावना में लिखते हैं, 'दलित समस्या का एक लंबा इतिहास रहा है। यह बहुत ही प्राचीन समस्या है। इस समस्या का बहुत बड़ा काल धर्म से संबंधित था, जो कल का सवाल था। आज का सवाल उनकी राजनीति से जुड़ा है। दलितों के धर्म की समस्या चार युग की समस्या है, जिन्हें क्रमश: वैदिकधर्म का युग, पौराणिक धर्म का युग, संतमत का युग और वर्तमान हिंदूधर्म का युग कहा जा सकता है।; मध्ययुगीन काल से लेकर आधुनिक-उत्तर आधुनिक काल तक के साहित्य में कम-अधिक मात्रा में क्यों न हो, हम दलितों की पीड़ा एवं संघर्ष की कथाएँ पढ़ सकते हैं। इस कारण साहित्य में दलितों की पीड़ा एवं संघर्ष का चित्रण करने की परंपरा उतनी ही पुरानी मानी जा सकती है, जितनी कि उनकी समस्या पुरानी हैं।

वर्तमान समय में यह सवाल भी बार-बार उठाया जा रहा है कि क्या साहित्य में दलितों की पीड़ा एवं संघर्ष का यथार्थ वर्णन करने-मात्र से उनकी स्थिति में सुधार लाया जा सकता है? इस प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री बच्चन सिंह अपने 'हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास' में लिखते हैं, 'साहित्य में दलितों के वर्ण-संघर्ष से वर्ण-व्यवस्था नष्ट हो या न हो, लेकिन उनका आत्मगौरव बढ़ेगा, समता की बेहतर आर्थिक स्थिति लौटेगी। सत्ता की भागीदारी के लिए उन्हें राजनीति का आश्रय लेना होगा और सांस्कृतिक समरूपता के लिए साहित्य का। मेरा अपना मानना है कि साहित्य के माध्यम से दलितों की मुक्ति का यह संघर्ष निरंतर की जानेवाली साधना है। हृषीकेश सुलभ अपने नाटकों के माध्यम से यही साधना कर रहे है। उनका यह प्रयास आधुनिक राष्ट्र के निर्माण में विशेष महत्व रखता है। इस संदर्भ में अपना मंतव्य स्पष्ट करते हुए श्री जगदीश चतुर्वेदी लिखते हैं – 'दलितों की मुक्ति का संघर्ष वास्तविक संघर्ष है। यह संघर्ष जब-तब वैचारिक और सामाजिक धरातल पर साथ-साथ नहीं चलता, तब-तक विचार और संस्कृति के क्षेत्र में चल रहे जाति-व्यवस्था और जातिवाद विरोधी संघर्ष का व्यावहारिक जीवन में, राजनीति, अर्थ-व्यवस्था और संरचनाओं में प्रसार नहीं होगा और ना ही आधुनिक राष्ट्र का निर्माण संभव है।'

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. प्रेमकुमार मणि, दलित साहित्य एक परिचय (लेख) दलित साहित्य : चिंतन के विविध आयाम, सं. डॉ. एन. सिंह, पृ. 57
2. डॉ. दयानंद बटोही, दर्द के दस्तावेज, पृ. 112
3. डॉ. जयप्रकाश कर्दम, गूँगा नहीं था मैं, पृ. 35
4. डॉ. श्योराज सिंह 'बेचैन', क्रौंच हूँ मैं, पृ. 53
5. डॉ. एन. सिंह, अंतिम दो दशकों का हिंदी दलित साहित्य, पृ. 115
6. डॉ. जयप्रकाश कर्दम, छप्पर, पृ. 43-44
7. मोहनदास नैमिशराय, मुक्तिपर्व, पृ. 5
8. डॉ. सुरेशकुमार जैन (सं.), उत्तरकाशी का हिंदी साहित्य, पृ. 97

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

एथलीटों के अंतर्मुखी व्यक्तित्व लक्षणों और खेल प्रदर्शन के स्तर का एक सहसंबंधनात्मक अध्ययन

योगेंद्र सिंह राजपूत*

* शोधार्थी (शारीरिक शिक्षा) भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – शिक्षा ही मनुष्य को अपने ध्येय तक पहुंचाने की राह है। इसके आधार पर मानव में ऐसे गुणों का विकास किया जा सकता है। जिसके आधार पर वह भली भाति अपने व्यक्तिव का विकास कर पाता है। समाज मे अपनी योग्यताओं को प्रदर्शित करने के लिए तथा उनके आधार पर व्यवसाय का चयन करने में मदद मिलती है। यही कारण है कि आज इस ओर विशेष रूप से बल दिया जा रहा है कि मानव को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया जाए। शिक्षा के लिए विभिन्न प्रकार के उद्देश्यों का निर्धारण किया जाता है। यह देखा जाता है कि जिस कार्य के पीछे उद्देश्यों का निर्धारण नहीं किया जाता वह कार्य सुचारु रूप से संचालित नहीं किया जा सकता उसमें सफलता मिलने कि अवसर कम होते है।

प्रस्तावना – शारीरिक शिक्षा का संगठन बालक की विकासात्मक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए ।समाज अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु मनोरंजन की स्थापना करता है।शारीरिक शिक्षा मानव जाति की अनुपम उपलब्धियों को संजोकर रखता है तथा उन्हें भावी सन्तति को विरासत के रूप में प्रदान करता है ।इस प्रकार शारीरिक शिक्षा संगठन का उद्देश्य व्यक्ति को इस प्रकार से प्रशिक्षित करना है कि वे समाज व आदर्शों, मान्यताओं, विश्वासों एवं मूल्यों की रक्षा कर सके।

आधुनिक काल में प्रदुषण तथा अन्य विभिन्न प्रकार की समस्याओं का समावेश पाया जाता है ।यह देखा जाता है की बालक के द्वारा इन सभी के परिणामस्वरूप पूर्ण रूप से स्वस्थता की ओर अग्रसित नहीं हुआ जा सकता ।इसलिए यह अति आवश्यक माना जाता है कि आज मनुष्य को इन सभी प्रकोप से बचाने की ओर बल दिया जाए। शारीरिक शिक्षा के आधार पर यह एक कार्य भली भांति किया जा सकता है। इसके आधार पर बालक के द्वारा भली भांति उन्नति प्राप्त की जाती है। यह देखा जाता है की आज शारीरिक रूप से स्वास्थ्यता प्राप्त करने के उपरान्त ही मनुष्य के द्वारा पूर्ण रूप से विकास किया जा सकता है ।जब तक वह शारीरिक रूप से स्वस्थ नहीं होता है। तब तक वह भली भांति अपने जीवन में विभिन्न प्रकार की क्रियाओ का क्रियान्वयन नहीं कर सकता।

अंतर्मुखी व्यक्तित्व खिलाडियों को अधिकता से परावृत्त करके खुद के बारे में सोचने पर मजबूर करता है ।जिससे उसे अधिकता का लाभ नहीं होता है ।रिले रेस जैसे मैदानी खेलों में अंतर्मुखी व्यक्तित्ववाले खिलाडियों के होने पर सामंजस्य के प्रभाव में प्रदर्शन के स्तर में गिरावट दिखाई देती है।

संबंधित साहित्य का अध्ययन –

मिजूगूची (1972) ने होनेलूलू, हवाई में लड़कों के शारीरिक ज्ञान के कार्यक्रम (जूनियर/सीनियर) लड़कों के शारीरिक ज्ञान कार्यक्रम पर निरिक्षण हुआ।

सूची देनेवाले अधिकारीयों का समूह, कार्यक्रम की योजना, कार्यक्रम की विधियाँ, व्यवसाय द्वारा मदद, यह अध्ययन का एक उद्देश्य था की वह वास्तविक स्थिति की जानकारी दे सके , लडको के शारीरिक विद्या कार्यक्रमों के बारे में निरिक्षण कर सके, जाँच करने से की यह पूर्णरूप से ध्यान दिय जाता है कि नहीं ।अंत में उससे कहा की पूर्णरूप से कार्यक्रम पर्याप्त नहीं था तथा वास्तविक नियमो से काफी निचे था। जूनियर पाठशालाएँ के अपेक्षा कुछ कार्यक्रमों में सीनियर पाठशालाएँ अच्छी थी।

लोकेन्द्र शरण (1980) इन्होंने नागपूर विद्यापीठ में प्रस्तुत किये हुए हनुमान व्यायाम प्रसारक मण्डल के शारीरिक शिक्षा के कार्य तथा खेलों का विकास करने में सम्बन्धित लघु प्रबन्ध में शारीरिक शिक्षक के योगदान का विवरण किया है ।यह अपने लघु प्रबन्ध में कहते है कि हनुमान व्यायाम प्रसारक मण्डल यह शारीरिक शिक्षक की एक ऐसी संस्था है ।जिसके माध्यम से शारीरिक शिक्षा द्वारा खेलों का क्षेत्रा ऊँचा उठा है। यह संस्था शारीरिक शिक्षा में विकास में अग्रेसर है, और अन्य खेलों की तरह ही इस संस्था ने विदर्भ के शहरी एवं ग्रामीण संभाग के विद्यार्थीयों में बास्केटबॉल खेल को बढ़ावा देने का कार्य किया है ।यह संस्था 1914 में स्थानित हुई तभी से शारीरिक शिक्षक तैयार करके अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर खेलों का विकास करने में अग्रसर है।

उप्पल, सिंधू और गंगोपाध्याय (1988) ने बट्स स्पोर्टस मोटीवेशन स्केल के आधार पर 15 भारतीय और 15 झिम्बाब्बीयन अंतर राष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ियों पर अध्ययन किया ।अध्ययन के अंत में यह निष्कर्ष निकला की दोनों ही टीमों में खेल प्रोत्साहन का स्तर समर्थक रूप से अलग-अलग नहीं है। सम्पूर्ण झिम्बाब्बीयन महिला हॉकी टीम संघर्ष के क्षेत्र में उच्च थी तो सम्पूर्ण भारतीय टीम आपसी तालमेल और सहकार्य के क्षेत्र में उच्च थी।

परिसीमाएं:

1. यह शोध कार्य दक्षिणी राजस्थान के उदयपुर संभाग तक के विद्यार्थियों तक सीमित है।
2. यह शोध कार्य विश्व विद्यालय में अध्ययनरत एथेलेटिक्स प्रतियोगिता

में भाग लेने वाले पुरुष एथलीट विद्यार्थियों तक सीमित है।

उद्देश्य:

1. एथलिटों के अंतर्मुखी व्यक्तिव गुण विशेष तथा खेल प्रदर्शन स्तर का सहसंबंधनात्मक अध्ययन करना।
2. एथलिटों के बहिर्मुखी व्यक्तिव गुण विशेष तथा खेल प्रदर्शन स्तर का सहसंबंधनात्मक अध्ययन करना।
3. विभिन्न विश्वविद्यालयों के एथलिटों के अंतर्मुखी – बहिर्मुखी व्यक्तिव गुण विशेष स्तर का तुलनात्मक अध्ययन करना।

परिकल्पना:

1. एथलिटों केअंतर्मुखी व्यक्तिव गुण विशेष तथा खेल प्रदर्शन में नकारात्मक सहसंबंध है।
2. एथलिटों के बहिर्मुखी व्यक्तिव गुण विशेष तथा खेल प्रदर्शन में सकारात्मक सहसंबंध है।
3. विभिन्न विश्वविद्यालयों के एथलिटों के अंतर्मुखी – बहिर्मुखी व्यक्तिव गुण विशेष वाले खिलाड़ियों में सार्थक अंतर है।

शोध पद्धति

उपकरण – प्रस्तुत शोध में आंकड़ों के एकत्रीकरण करने हेतु निमलिखित उपकरणों का प्रयोग किया गया था।

1. श्री यज्ञ सिंह तथा एच. सी. चिमा द्वारा निर्मित स्पोर्ट्स स्पेसिफिक पर्सनल्टी टेस्ट।
2. अजीज एवं रेखा गुप्ता द्वारा निर्मित इन्ट्रोवर्जन एवं एक्सटरोवर्षन इनवेंटरी प्रश्नावलियों का प्रयोग किया गया था।

परिणाम

1. अथलेटिक्स में सहभाग लेने वाले खिलाड़ियों कि व्यक्तित्व गुण विशेष को दर्शाया गया है। प्राप्त आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि मैदानी खेलों में हिस्सा लेने वाले 56 प्रतिशत धावक तथा 22 प्रतिशत जंपर्स खिलाड़ियों में अंतर्मुखता यह व्यक्तित्व गुण विशेष पाया गया तथा मैदानी खेलों (अथलेटिक्स) में सहभाग लेने वाले 12.7 प्रतिशत धावक तथा 56.7 प्रतिशत जंपर्स खिलाड़ियों में उभयमुखी / उभयवर्ती यह व्यक्तित्व गुण विशेष पाया गया। इसी तरह 31.3 प्रतिशत धावक तथा 21.3 प्रतिशत जंपर्स खिलाड़ियों में बहिर्मुखता यह व्यक्तित्व गुण विशेष पाया गया।

2. अथलेटिक्स में सहभाग लेने वाले खिलाड़ियों कि क्रीडा प्रदर्शन को दर्शाया गया है। प्राप्त आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि मैदानी खेलों में हिस्सा लेने वाले 62 प्रतिशत धावक तथा 18 प्रतिशत जंपर्स खिलाड़ियों में संतोषजनक क्रीडा प्रदर्शन पाया गया तथा मैदानी खेलों (अथलेटिक्स) में सहभाग लेने वाले 23.3 प्रतिशत धावक तथा 58 प्रतिशत जंपर्स खिलाड़ियों में साधारण क्रीडा प्रदर्शन पाया गया। इसी तरह 14.7 प्रतिशत धावक तथा 24.0 प्रतिशत जंपर्स खिलाड़ियों में असंतोषक क्रीडा प्रदर्शन पाया गया।

3. प्रस्तुत शोधकार्य में प्राप्त तथ्यों के सांख्यिकीय विश्लेषण के आधार पर यह निष्कर्ष के रूप मे मैदानी खेलों (अथलेटिक्स) में सहभाग लेने वाले धावकों एवं जंपर्स खिलाड़ियों कि अंतर्मुखता व्यक्तित्व गुण विशेष तथा क्रीडा प्रदर्शन में सार्थक सहसंबंधनात्मक है।

4. प्रस्तुत शोध कार्य में संकलित आंकड़ों के विश्लेषण से यह निष्कर्ष निकलता है कि मैदानी खेलों (अथलेटिक्स) में सहभाग लेने वाले धावकों एवं जंपर्स खिलाड़ियों कि बहिर्मुखता व्यक्तित्व गुण विशेष तथा क्रीडा प्रदर्शन में सार्थक सहसंबंधनात्मक है।

5. प्रस्तुत शोध कार्य में संकलित आंकड़ों के विश्लेषण से यह निष्कर्ष निकलता है कि विभिन्न जिलों के मैदानी खेलों (अथलेटिक्स) में सहभाग लेने वाले खिलाड़ियों कि अंतर्मुखता व्यक्तित्व गुण विशेष स्तर सार्थक रूप से भिन्न है।

निष्कर्ष – तुलनात्मक अध्ययन से यह प्रतीत होता है की मैदानी खेलों (अथलेटिक्स) में सहभाग लेने वाले अधिकांश धावकों मे अंतर्मुखता तथा जंपर्स खिलाड़ियों में व्यक्तित्व गुण उभयमुखीध्उभयवर्ती व्यक्तित्व गुण विशेष पाया गया।

प्रस्तुत शोध कार्य के अध्ययन से यह प्रतीत होता है की मैदानी खेलों (अथलेटिक्स) में सहभाग लेने वाले धावकों मे जंपर्स खिलाड़ियों से अधिक संतोषजनक है।

प्रस्तुत शोधकार्य में प्राप्त तथ्यों के सांख्यिकीय विश्लेषण के आधार पर यह निष्कर्ष के रूप मे मैदानी खेलों (अथलेटिक्स) में सहभाग लेने वाले धावकों एवं जंपर्स खिलाड़ियों कि अंतर्मुखता व्यक्तित्व गुण विशेष तथा क्रीडा प्रदर्शन में सार्थक सहसंबंधनात्मक है।

प्रस्तुत शोध कार्य में संकलित आंकड़ों के विश्लेषण से यह निष्कर्ष निकलता है कि मैदानी खेलों (अथलेटिक्स) में सहभाग लेने वाले धावकों एवं जंपर्स खिलाड़ियों कि बहिर्मुखता व्यक्तित्व गुण विशेष तथा क्रीडा प्रदर्शन में सार्थक सहसंबंधनात्मक है।

प्रस्तुत शोध कार्य में संकलित आंकड़ों के विश्लेषण से यह निष्कर्ष निकलता है कि विभिन्न जिलों के मैदानी खेलों (अथलेटिक्स) में सहभाग लेने वाले खिलाड़ियों कि अंतर्मुखता – बहिर्मुखता व्यक्तित्व गुण विशेष स्तर सार्थक रूप से भिन्न है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. हेरोल्ड के. जैक, 'मिनेसोटा उच्च शिक्षा कार्यक्रम के शारीरिक शिक्षा कार्यक्रम का विश्लेषण,' रिसर्च ट्रामासिक 17 (मार्च 1946):24
2. गार्डनर एल. और हेनरी डब्ल्यू. रीकेन एडल्ट सब्जेक्ट्स के जर्नल ऑफ कंसल्टिंग साइकोलॉजी में मंदी का जन्म हो रहा है।, 15(1), 1951, पीपीपी 18–2।
3. केमिसन जे.,'वर्ष 1958–59 वाशिंगटन के साम्राज्य क्षेत्र के द्वीप में ग्रामीण सार्वजनिक प्राथमिक स्कूलों में शारीरिक शिक्षा का एक सर्वेक्षण,' स्वास्थ्य, शारीरिक शिक्षा और मनोरंजन 2 (1960), पृष्ठ 72 में पूरा शोध।
4. मिजुगुची, एन.के., 'जूनियर एंड सीनियर हाई स्कूल होनोलूलू, हवली में फिजियोलॉजी के शारीरिक शिक्षा कार्यक्रम कासर्वो,' निबंध सार इंटरनेशनल, 32, 1972, 3379ए–4166ए।
5. लोकेन्द्र शरण,'लघु प्रबंध हनुमान व्यायाम प्रसारक मंडल द्वारा शारीरिक शिक्षक तैयार करके खेलों का विकास में योगदान,' नागपुर विद्यापीठ में प्रस्तुत 1980
6. ए.के. उप्पल, ए.सिंधु, एण्ड एस.आर.गंगोपाध्याय,'अ स्टडी ऑफ स्पोर्ट्स मोटिवेशन ऑफ इंडियन एंड झिम्बोम्बिय वुमेन हॉकी टीम' एन.आय.इस.साइंटिफिक जनरल 11.2. (1988), 17.20

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

अलग-अलग भोगोलिक क्षेत्र के विद्यार्थियों कि शारीरिक योग्यता, चरों का एक तुलनात्मक अध्ययन

महेश कुमार शर्मा *

* शोधार्थी (शारीरिक शिक्षा) भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – सामान्य गत्यात्मक क्षमता जो अपने कौशल्य के विकास के लिए विशेष रूप से मदद करता है। जो मुख्य रूप से शरीर की मोटी मांसपेशियों की क्रियाओं में मदद करती है। इसलिए खेल कूद की गतिविधियों तथा प्रतियोगिता में सामान्य गत्यात्मक क्षमता आवश्यक होती है। सामान्य गत्यात्मक क्षमता शारीरिक क्रियाओ तथा शारीरिक हल-चल की क्रियण में मदद करता है तथा अधिक समय तक शारीरिक क्रियाओ को करने में सहायता करता है।

प्रस्तावना – इस संशोधन में राजस्थान के पहाड़ी क्षेत्र तथा समतल क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत छात्र वर्ग कि शारीरिक योग्यता के चरों के हाथ ओर कंधों के स्नायुओं का स्नायु बल तथा सहन शक्ति, तेज गति तथा गति सुमेल, पैर का विस्फोटक बल, तथा रुधिराभिसरण श्वसन सहन शक्ति का ध्यान रखने मे मदद मिलेगी। राजस्थान राज्य के पहाड़ी क्षेत्र तथा समतल क्षेत्र के अलग अलग क्षेत्र पुरुषों कि बी. एम. आई., वजन तथा उंचाई का पता चलेगा जिससे खेल जगत में इसका लाभ होगा। राजस्थान राज्य के पहाड़ी क्षेत्र तथा समतल क्षेत्र के इस अभ्यास से शारीरिक शिक्षकों को खेल के अनुसार चयन करने में मदद होगी। इस अभ्यास से अच्छे खिलाड़ियों को पसंद करने में मदद मिलेगी। इस अभ्यास से शारीरिक शिक्षा के प्रशिक्षण के कार्यक्रम तैयार करने में सहायता मिलेगी। इस अभ्यास से मेडिकल के क्षेत्र में भी मदद मिलेगी।

उद्देश्य – अलग अलग भोगोलिक क्षेत्र के विद्यार्थियों कि शारीरिक योग्यता, चरों का एक तुलनात्मक अध्ययन राजस्थान राज्य के पहाड़ी क्षेत्र तथा समतल क्षेत्र के अलग अलग क्षेत्र पुरुषों कि शारीरिक योग्यता के चरों का मापन करना।

1. राजस्थान राज्य के पहाड़ी क्षेत्र तथा समतल क्षेत्र के अलग अलग क्षेत्र पुरुषों कि शारीरिक योग्यता के चरों की आपस में तुलना करना।

परिकल्पना

1. राजस्थान राज्य के पहाड़ी क्षेत्र तथा समतल क्षेत्र के अलग अलग क्षेत्र पुरुषों कि शारीरिक योग्यता के चरों का में सार्थक अंतर देखने को मिलेगा।

क्र.	चर	परीक्षण	मापन विधि
1.	हाथ एवं खंभे के स्नायु का स्नायुबल तथा सहन शक्ति का मापन	पुलप्स	संख्या
2.	पेट के स्नायु का बल तथा सहन शक्ति का मापन	शयनोत्तथान	60 सेकंड
3.	तेज गति तथा गति सुमेल का मापन	शटल रन	सेकंड
4.	पैर कि विस्फोटक शक्ति का मापन	खड़ी लंबी कूद	से. मी.
5.	तेजगति तथा विस्फोटक शक्ति का मापन	50 यार्ड दौड़	सेकंड
6.	रुधिराभिसरण श्वसन सहन शक्ति मापन	1.5 माइल दौड़/चाल	सेकंड

परिसीमाएं:

1. यह शोध कार्य राजस्थान तक के विद्यार्थियों तक सीमित था।
2. यह शोध कार्य राजकीय विद्यालय में अध्ययनरत माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों तक सीमित था।
3. आयु सीमा अधिकतम 14 से 18 वर्ष तक विद्यार्थियों तक सीमित था।

आंकड़ों का विश्लेषण – अलग अलग भोगोलिक क्षेत्र के विद्यार्थियों कि शारीरिक योग्यता, शरीर रचना चरों कि तुलना करने के लिए विचरण प्रथक्करण (ANOVA) टेस्ट का प्रयोग किया गया था। मध्यमान के बीच पता करना के लिए LSD (Least Significant Difference) परीक्षण द्वारा 0.05 स्तर से सार्थकता मापी गई थी ।

अध्ययन के परिणाम – अलग अलग भोगोलिक क्षेत्र में विद्यार्थियों की पुल-अप्स परीक्षण का समतल क्षेत्र के 6.54 देखने को मिला था, तथा पहाड़ी क्षेत्र में 6.46 मध्यमान देखने को मिला था। तथा दोनों समूहों मध्यमान विचरण 44.46 देखने को मिला था। तथा दोनों समूहों के प्राप्तांक का मध्यमान विचरण 7.19 देखने को मिला था। जबकि 't' रेशीयों 6.18 देखने को मिला था। जिसे टेबल की वेल्यू के साथ देखने पर सार्थकता का स्तर 0.05 स्तर 't' = 0.05 (3,196) कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला। पुल-अप्स (हाथ तथा कंधे की स्नायुओ का बल तथा सहन शक्ति) परीक्षण में दोनों समूहों में कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला।

अलग अलग भोगोलिक क्षेत्र में विद्यार्थियों की सीट-अप्स परीक्षण का समतल क्षेत्र के 28.94 देखने को मिला था, तथा पहाड़ी क्षेत्र में 23.68 मध्यमान देखने को मिला था। तथा दोनों समूहों मध्यमान विचरण 370.62 देखने को मिला था। तथा दोनों समूहों के प्राप्तांक का मध्यमान विचरण 47.51 देखने को मिला था। जबकि त रेशीयों 7.80 देखने को मिला था। जिसे टेबल की वेल्यू के साथ देखने पर सार्थकता का स्तर 0.05 स्तर 't' = 0.05(3,196) कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला। पुल-अप्स (

हाथ तथा कंधे की स्नायुओ का बल तथा सहन शक्ति) परीक्षण में दोनों समूहों में कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला।

सीट-अप्स (पेट के स्नायुओ का बल तथा सहन शक्ति) परीक्षण मे समतल तथा पहाड़ी क्षेत्र के विद्यार्थियों में अंतर देखने को मिला था।

अलग अलग भोगोलिक क्षेत्र में विद्यार्थियों की शटल रन परीक्षण का समतल क्षेत्र के 11.56 देखने को मिला था, तथा पहाड़ी क्षेत्र में 10.94 मध्यमान देखने को मिला था। तथा दोनों समूहों मध्यमान विचरण 4.87 देखने को मिला था। तथा दोनों समूहों के प्राप्तांक का मध्यमान विचरण 0.86 देखने को मिला था। जबकि 't' रेशीयों 5.69 देखने को मिला था।

जिसे टेबल की वेल्यू के साथ देखने पर सार्थकता का स्तर 0.05 स्तर 't' = 0.05 (3,196) कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला। शटल रन (तेज दौड़ तथा गति सुमेल) परीक्षण में दोनों समूहों में कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला।

अलग अलग भोगोलिक क्षेत्र में विद्यार्थियों की खड़ी लंबी कूद परीक्षण का समतल क्षेत्र के 1.81 देखने को मिला था, तथा पहाड़ी क्षेत्र में 1.65 मध्यमान देखने को मिला था। तथा दोनों समूहों मध्यमान विचरण 4.67 देखने को मिला था। तथा दोनों समूहों के प्राप्तांक का मध्यमान विचरण 0.07 देखने को मिला था। जबकि 't' रेशीयों 9.90 देखने को मिला था।

जिसे टेबल की वेल्यू के साथ देखने पर सार्थकता का स्तर 0.05 स्तर 't' = 0.05 (3,196) कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला। खड़ी लंबी कूद (पैरों के विस्फोटक बल) परीक्षण में दोनों समूहों में कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला।

अलग अलग भोगोलिक क्षेत्र में विद्यार्थियों की 50 यार्ड दौड़ परीक्षण का समतल क्षेत्र के 7.42 देखने को मिला था, तथा पहाड़ी क्षेत्र में 7.23 मध्यमान देखने को मिला था। तथा दोनों समूहों मध्यमान विचरण 0.38 देखने को मिला था। तथा दोनों समूहों के प्राप्तांक का मध्यमान विचरण 0.52 देखने को मिला था। जबकि 't' रेशीयों 0.73 देखने को मिला था।

जिसे टेबल की वेल्यू के साथ देखने पर सार्थकता का स्तर 0.05 स्तर 't' = 0.05 (3,196) कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला। 50 यार्ड दौड़ (तेजगति तथा विस्फोटक शक्ति का मापन) परीक्षण में दोनों समूहों में कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला। समानता पाई गई थी।

अलग अलग भोगोलिक क्षेत्र में विद्यार्थियों की 1.5 माईल दौड़ परीक्षण का समतल क्षेत्र के 12.71 देखने को मिला था, तथा पहाड़ी क्षेत्र में 13.06 मध्यमान देखने को मिला था। तथा दोनों समूहों मध्यमान विचरण 5.16 देखने को मिला था। तथा दोनों समूहों के प्राप्तांक का मध्यमान विचरण 1.45 देखने को मिला था। जबकि 't' रेशीयों 3.55 देखने को मिला था।

जिसे टेबल की वेल्यू के साथ देखने पर सार्थकता का स्तर 0.05 स्तर 't' = 0.05 (3,196) कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला। 1.5 माईल दौड़ (रुधिराभिसरण श्वसन सहन शक्ति मापन) परीक्षण में दोनों समूहों में कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला। समानता पाई गई थी।

निष्कर्ष :

1. पुलअप्स समूह में परीक्षण में दोनों सहन शक्ति हाथ तथा कंधे की स्नायुओं का बल में कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला।
2. सीटअप्स समूह में परीक्षण में समतल तथा पहाड़ी क्षेत्र के विद्यार्थियों सहन शक्ति तथा पेट की स्नायुओं का बल में कोई सार्थक अंतर देखने को मिला।
3. शटल रन परीक्षण में दोनों समूहों में (तेज दौड़ तथा गति सुमेल) कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला।
4. खड़ी लंबी कूद परीक्षण में दोनों समूहों में (पैरों के विस्फोटक बल) कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला।
5. 50 यार्ड दौड़ तेजगति तथा विस्फोटक शक्ति का मापन परीक्षण में दोनों समूहों में कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला। समानता पाई गई।
6. 1.5 माइल दौड़ में दोनों समूहों में (रुधिरभिसरण श्वसन सहन शक्ति) मापन परीक्षण में कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. संतोषी 'आदिवासी महिला बास्केट बॉल, निजी स्कूल राज्य स्तरीय खिलाड़ियों और सरकारी स्कूल राज्य आदिवासी महिला खिलाड़ी के बीच चयनित मोटर फिटनेस चर की तुलना'गोल्डन रिसर्च थॉट्स: दिसंबर 2011, वॉल्यूम। 1 अंक 6, विशेष Vol. 1 अकादमिक जर्नल।
2. हामिद अराजी 'एंथ्रोपोमेट्रिक एंड फिजियोलॉजिकल प्रोफाइल ऑफ एलीट जूनियर पुरुष और महिला ईरानी रोवर्स मिडिल'- इस्लामिक आजाद यूनिवर्सिटी, मारिवन ब्रांच, मारिवन ईरान। ईस्ट जर्नल ऑफ साइंटिफिक रिसर्च 9 (2): 162,2011 आईएसएसएन 1990-9233।
3. एम जे डंकन 'जूनियर एलीट प्राइवेट स्कूल स्टेट प्लेयर्स के एंथ्रोपोमेट्रिक और फिजियोलॉजिकल लक्षण' ब्र जे स्पोर्ट्स मेड। 2006 जुलाई 649-651। DOI: 101136/बीजेएसएम. 2005. 021998.
4. गैबेट टी 'ऑस्ट्रेलियाई जूनियर नेशनल, राज्य और नौसिखिए निजी स्कूल राज्य के खिलाड़ियों की शारीरिक और मानवशास्त्रीय विशेषताएं' एथलीट और कोच सपोर्ट सर्विसेज, क्वींसलैंड एकेडमी ऑफ स्पोर्ट, क्वींसलैंड ऑस्ट्रेलिया। टिमगबेट जे स्ट्रेंथ कॉन्ड रेस। 2007 अगस्तय 21(3): 902-8.
5. Marques MC, प्रोफेशनल प्राइवेट स्कूल स्टेट प्लेयर्स की फिजिकल फिटनेस क्वालिटीज: पोजिशनल डिफरेंसेस का निर्धारणष वैन डेन टिलर आर, टीजे, रीस वीएम, गोंजालेज-बैडिलो जेजे स्ट्रेंथ कॉन्ड रेस। 2009 जुलाई 23 (4): 1106-11। DOI:10.1519JSC0 b013e31819b78c4
6. श्यामल कोले, एंथ्रोपोमेट्रिक एंड फिजियोलॉजिकल कैरेक्टर ऑन इंडियन इंटर यूनिवर्सिटी प्राइवेट स्कूल स्टेट प्लेयर्स ष्जर्नल ऑफ ह्यूमन स्पोर्ट एंड एक्सरसाइज Vol. 2 अंक: 7 पहला पेज 599 वर्ष 2012.
7. पावले मिकुलिक 'अलग-अलग उम्र और रैंकों के रोवर्स के एंथ्रोपोमेट्रिक और फिजियोलॉजिकल प्रोफाइल' फैकल्टी ऑफ किनेसियोलॉजी, यूनिवर्सिटी ऑफ जाग्रेब, क्रोएशिया प्रारंभिक संचार किनेसियोलॉजी 1(2008) 40;80-88 80

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भामह और उनका काव्यालंकार

डॉ. पी.एस. बघेल*

* एसोसिएट प्रोफेसर, पीएम एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना –आद्याचार्य भामह ने अपने विषय में केवल इतना कहा है कि–

सुजनावगमाय भामहेन ग्रथितं 'रक्रिलगोमीसूनुदेन्'

अर्थात् सुजनों के ज्ञान के लिए, रक्रिलगोस्वामी के पुत्र भामह ने यह ग्रंथ काव्यालंकार की रचना की है। उक्त पंक्तियों के रूप में दो बातें स्पष्ट होती है कि रक्रिलगोस्वामी के पुत्र भामह ने 'काव्यालंकार' ग्रंथ की रचना की है। इससे भामह के संबंध में केवल इतना ज्ञात होता है कि भमाह एक कश्मीरी पंडित थे।

इसी प्रकार भामह ने रचनाकाल के संबंध में परवर्ती विद्धानों ने इतना कहा है कि भामह कृत काव्यालंकार पर उद्भट ने भामह विवरण' नामक टीका भी लिखी है। उद्भट कश्मीर नरेश जयापीड की सभा में सभापति थे। और दैनिक वेतन के रूप में एक लाख दीनार प्राप्त करते थे।

'काव्यालंकारसार संग्रह' पर टीकाकार के रूप में 'प्रतीहारेन्दुराज' इस का तथ्य व्यक्त किया है।

'राजतरंगिणी' से ज्ञात होता है कि–

विद्वान् दीनारलक्षेण प्रत्यहं कृतवेतन:
भट्टोऽभूतुद्भटटस्यतस्य भूमिभर्तु: सभापति:

जयापीड़ का शासनकाल सन् 779–813 ई. तक माना जाता है। अतएव उद्भट् का समय भी ही मानना चाहिए। जिन्होंने प्रमाणित किया कि 'काव्यालंकार' इस काल तक काफी प्रसिद्धि प्राप्त कर चुका है। अतएव यह निर्वावाद है कि भामह सन् 779 ई. से काफी पहले हो चुके हैं।

शान्तरक्षित के व्याख्याकार कमलशील ने इन्हें भामह की रचना बताया है किन्तु उनका शान्तरक्षित के टीकाकार ने उनका पर्याप्त खण्डन किया है।

ध्वनिकार आनन्दवर्धन ने रस की महत्ता के सन्दर्भ में एक कारिका दी है:–

दृष्टपूर्वा अपि ह्यर्था: काव्ये रसपरिग्रहात्।
सर्वे नवा इवाभान्ति मधुमास इव द्रुमा:।।

अर्थात्, वसन्त ऋतु में वृक्षों के समान, काव्य में रस को पाकर, पूर्वदृष्ट समस्त पदार्थ भभी नवीन प्रतीत होने लगते हैं। इस से स्पष्ट है कि आनन्दवर्धन भामह को बाणभट्ट से भी पूर्ववर्ती मानते हैं।

बाणभट्ट महाराज हर्ष के आश्रित कवि थे जिनका शासनकाल सन् 606–647 ई. है। एक कश्मीरी लेखक से उत्तर भारत के एक कवि ने प्रभाव ग्रहण में कुछ समय तो अवश्य लगेगा ही। अत एक भामह सन् 606 ई. से भी पूर्ववर्ती है।

(2) 'काव्यालंकार' के पंचम अध्याय में प्राणनिरूपण के सन्दर्भ में भामह ने बौद्ध नैयाायिक दिड्नाग का अनुसरण किया है। दिड्नाग की प्रत्यक्ष परिभाषा इस प्रकार है–

प्रत्यक्षं कल्पनापोढं नामजात्याद्यसुंक्तम्।

अर्थात् नाम,जाति आदि से असुंक्त, कल्पनाविहीन ज्ञान प्रत्यक्ष कहलाता है। भामह ने भी इसी का अनुसरण किया है–

प्रत्यक्षं कल्पनापोढं ततोऽर्थादिति केचन।
कल्पनां नाम जात्यादियोजनां प्रतिजानते।।

अर्थात् किसी वस्तु का कल्पनारहित ज्ञान ही प्रत्यक्ष प्रमाण है–ऐसा कुछ विद्धान् मानते हैं। नाम, जाति, गुण, क्रिया और द्रव्य–इन उपाधियों का व्यक्ति में आरोप ही कल्पना कहलाता है। वाचस्पति मिश्र का मत है कि भामह ने दिड्नाग का अनुसरण किया है। दिड्नाग का समय 400 ई. के लगभग माना जाता है अत: भामह का समय भी इनके पश्चात् ही होना चाहिए।

भामह का बौद्धत्व – कुछ विद्धानों की मान्यता है कि भामह बौद्ध थे। इसकी पुष्टि में नरसिंहयंगर कहते है कि– भामह ने 'काव्यालंकार' के मंगलाचरण में भगवान् बुद्ध को नमन किया है–

प्रणम्य सार्वं सर्वज्ञं मनोवाक्कायकर्मभि:।
काव्यालंकार इत्येष यथाबुद्धि वाधास्ते।

नरसिंह अयंगर का कहना है कि 'सर्वज्ञ नाम बुद्ध का है। प्रमाण स्वरूप अमरकोष में कहा गया है कि सर्वज्ञ: सुगतो बुद्धो धर्मराजस्थतागत:' (काव्यालंकार 1/13) अर्थात् सर्वज्ञ बुद्ध का पर्याय है ऐसा नरसिंह अयंगार कहते है कि उनका बुद्ध होना प्रमाण माना जा सकता है।

अमरकोष ने भामह के बुद्ध होने के प्रमाण का खण्डन करते हुए कहा है कि– 'सर्वज्ञ' शब्द सामान्यत: ईश्वर का वाचक है। एक मात्र बुद्ध का नहीं। अमरकोष में उसे भगवान् शंकर का भी पर्याय माना है। यथा–

कृषानुरेता: सर्वज्ञो धूर्जटिनीललोहित:

समान्त: सर्वज्ञ और सर्वशक्तिमान शब्द ईश्वर के लिए ही प्रयुक्त होते हैं, मात्र बुद्ध के लिए नहीं।

इसी प्रकार रक्रिल नामकरण में भी यह विवाद है कि 'रक्रिल' गोमिन शब्द गौतम बुद्ध के एक शिष्य 'गोमिन्' नाम था इससे उनका बुद्ध होना प्रमाण मानने के समान प्रतीत होता है।

आश्चर्य की बात तो यह है कि बौद्ध परम्परा में किसी का भी नाम ब्राह्मण द्वारा अपनाया जाता रहा है।

भामह की एक मात्र रचना है 'काव्यालंकार।' वरुरुचि ने भी इसकी

पुष्टि की है। वरुरुचि ने प्राकृत प्रकाश में कहा है कि–

वररुचिरचित प्राकृत लक्षण सूत्राणि लक्ष्यमार्गेण।
बुद्ध्वा चकार वृत्तिं संक्षिप्तां भामहः स्पष्टाम्।।

आज भामह की एकमात्र उपलब्ध पुस्तक 'काव्यालंकार' ही है। उन्नीसवीं शताब्दी के अंत में भामह की रचना 'काव्यालंकार' पुस्तक सन् 1880 ई. में काव्यालंकार की पाण्डुलिपि उपलब्ध हुई।

डॉ. पी.वी. काणे ने भामह के बौद्ध होने का खंडन किया है।

सन् 1909 ई. में बाम्बे संस्कृत सीरीज से प्रकाशित विद्यानाथ कृत 'प्रतापरुद्रयशोभूषण' में काव्यालंकार को प्रकाशित कराया।

'काव्यालंकार' 6 परिच्छेदों में विभक्त है। प्रथम परिच्छेद में काव्य शरीर, द्वितीय व तृतीय में अलंकार निरुपण, चतुर्थ में दोषनिरुपण पंचम में न्यायनिर्णय और षष्ठ में शब्द शुद्धि रखा गया है।

प्रथम परिच्छेद काव्य शरीर निर्णय में भामह ने काव्यप्रयोजन पर प्रकाश डाला है–

धर्मार्थकामोक्षेषु वैचक्षण्यं कलासु च।
प्रीतिं करोति कीर्तिं साधुकाव्य निबन्धम्।।

अर्थात् सत्काव्य का निर्माण पुरुषार्थचर्तुचतुष्टय एवं कलाओं में निपुणता, आनंद और कीर्ति प्रदान करता है।

भामह सूत्र रूप में कहते है कि–

काव्यद्दष्टार्था प्रीतिकीर्ति हेतु त्वात्।।

काव्य रचना हेतु भामह ने जो दृष्टिकोण रखा है, परवर्ती आचार्यों ने उसका अनुकरण ही किया है। काव्य प्रयोजन हेतु कुन्तक ने कहा है कि–

धर्मादिसाधनोपायः सुकुमार क्रमोदितः।
काव्बन्धोऽभिजातानां हृदयाहलादकारकः

अर्थ– काव्यबन्ध कुलीन व्यक्तियों के हृदय को आह्लादित करने वाला और सुकुमार पद्धति से कहा गया धर्मादि की सिद्धि का उपाय है।

काव्यामत का आनन्द तद्विदों के अन्तकरण में चतुर्थवर्ग के फल के आस्वाद से भी बढ़कर चमत्कार उत्पन्न करता है। इसे आगे बढ़ाते हुए कुन्तक ने काव्य प्रयोजन के रूप में कहा कि–

धर्मादिसाधनोपायः सुकुमार क्रमोदितः।
काव्बन्धोऽभिजातानां हृदाह्लाद कारकः।।

अर्थात् काव्यबंध कुलीन, व्यक्तियों के हृदय को आह्लादित करने वाला और सुकुमार पद्धति कहा गया धर्मादि की सिद्धि का उपाय है।

समन्ववादी आचार्यों में मम्मट ने 6 प्रयोजन माने है– यश प्राप्ति, अर्थार्जन, व्यवहार ज्ञान, उनिष्ट–निवारण, अलौकिक आनंदानुभूति और कान्ता समान उपदेश। इस संदर्भ में काव्यालंकार में यश की प्राप्ति धर्मादि की सिद्धि का उपाय बताया है।

काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये।
सद्यः परनिवृत्तये कान्ता सम्मि'ततयोपदेशयुजे।।

काव्य प्रोजन में यश की प्राप्ति के साथ कवित्व को पूर्व पुण्यों का प्रसाद भी मानते हैं।

भर्तृहरि भी कहते हैं कि– नास्ति येषां यशः। काये जरामरणजं भयम्। अर्थात् काव्य रूपी शरीर को बुढ़ापे और मृत्यु का भय नहीं रहता। 'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम् अर्थात् शब्द और अर्थ दोनों मिलकर काव्य कहलाते है।

भामह ने दो पुरातन धारणाओं का समन्व करते हुए कहा है कि–

रमणीय अर्थ का प्रतिपादक शब्द काव्य कहलाता है।

कुन्तक ने वक्रोक्तिजीवित' में कहा है कि–

शब्दार्थौ सहितौ वक्र कविव्यापारशालिनि।
बन्धे व्वस्थितौ काव्य तद्विदाह्लाद कारिणि।

अर्थात् काव्यमर्मज्ञों को आह्लादकारक, वक्र कविव्यापार से युक्त, रचना में व्यवस्थित शब्द और अर्थ दोनों को मिलकर ही काव्य कहलाता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. काव्यालंकार 6/64
2. ध्वन्यालेक 4/4
3. काव्यालंकार 5/6
4. काव्यालंकार 2/2
5. अक्षारकोष 1/35
6. काव्यालंकार 1/2
7. काव्यालंकार 1/1/5
8. वक्रोक्ति जीवितम् 1/3–5
9. वक्रोक्ति जीवितम् 1/3
10. काव्यालंकार 1/2
11. वक्रोक्तिजीवितम् 1/7

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

मनरेगा का महिला सशक्तिकरण पर प्रभाव : कोटा जिले का अनुभवमूलक अध्ययन

डॉ. अंजना जाटव*

* अतिथि संकाय (भूगोल) (वि.स.यो) राजकीय महाविद्यालय, तालेड़ा (बूंदी) (राज.) भारत

1. Bindaas (adj.): Carefree, relaxed.
2. Chai-wala (n.): A person who sells tea, often on the streets.
3. Dabba (n.): A container or box, often used to refer to a lunchbox.
4. Dhaba (n.): A type of roadside restaurant or eatery.

Other New Words:

1. Swipe left/right (v.): To reject or accept someone on a dating app.
2. Lowkey/Highkey (adv.): Used to express a subtle or intense feeling about something.
3. Savage (adj.): Impressive, fierce, or brutally honest.
4. Lit (adj.): Exciting, fun, or wild.
5. Fam (n.): Short for "family," used to describe close friends.
6. Salty (adj.): Bitter or resentful.
7. Tea (n.): Gossip or juicy information.

Examples of Newly Used Words and Expressions:

1. Digital and Pop Culture Derivatives: Words like "unfriend," "reelworthy," "vibecheck," and "ghosting" have gained popularity through social media interactions.
2. Hybrid or Code-Mixed Coinages: Many expressions used by Generation G are hybridizations of English and Indian languages, such as "Jugaadu" (resourceful or street-smart person) and "FOMO ho rahahai" (I'm feeling FOMO—fear of missing out).
3. Recontextualized Words: Words like "cringe," "simp," and "flex" have been imported from global youth culture but have acquired localized meanings.
4. Shortened or Stylized Forms: Abbreviations such as "TBH" (to be honest), "IDK" (I don't know), and "LOL" (laugh out loud) are now part of spoken language.

Sociolinguistic Implications: The linguistic choices of New Generation G reflect more than mere trends; they indicate shifting cultural values and identity markers. The use of such words enables young speakers to construct social identities that align with globalized youth culture while maintaining localized authenticity.

Impact on Indian Society: The evolution of Indian English has significant implications for Indian society, including:

1. Cultural identity: Indian English reflects the country's diverse cultural heritage.
2. Global connectivity: Indian English facilitates communication with the global community.
3. Economic opportunities: Indian English is essential for business and commerce in India.

Educational and Communication Challenges: The informal and inventive use of English presents challenges in formal educational and professional settings. However, linguists and educators argue that such developments should not be dismissed as linguistic decay but rather viewed as evidence of linguistic vitality.

The Role of Media and Technology: Social media and digital communication technologies play a pivotal role in the diffusion of new words. Memes, influencers, and viral trends contribute significantly to the vocabulary of Generation G.

Conclusion: Indian English is a dynamic and evolving entity, shaped by technological, social, and cultural factors. This paper highlights the emerging trends and newly coined words in Indian English, demonstrating the language's adaptability and creativity.

References:-

1. Crystal, David. English as a Global Language. Cambridge University Press, 2003.
2. Kachru, Braj B. The Indianization of English: The English Language in India. Oxford University Press, 1983.
3. Kachru, Yamuna. Hindi. John Benjamins Publishing Company, 2006.
4. Mukherjee, Joybrato. English in India. Peter Lang Publishing, 2007.
5. Merriam-Webster Dictionary. Merriam-Webster, 2022.
6. Oxford English Dictionary. Oxford University Press, 2022.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Nutrition Programmers and Rural Development

Dr. Dharmendra Kumar* Ms. Sanju Yadav**

*Assistant Prof. (Economics) D.J. College, Baraut, Baghpat (U.P.) INDIA
** Research Scholar (Economics) D.J. College, Baraut, Baghpat (U.P.) INDIA

Introduction

ICDS: The Integrated Child Development Services (ICDS), launched in 1975, aims at the holistic development of children up to six years of age with a special focus on children up to two years, besides expectant and nursing mothers. This is done through a package of six services: health check-ups, immunization, referral services, supplementary feeding, non-formal pre-school education, and advise on health and nutrition. In spite of its expansion in the last three decades, the impact on child nutrition and protecting the rights of the children is quite limited.

The ICDS, which has been in existence for over three decades, was intended to address the problem of child and maternal malnutrition, but has clearly had limited impact. Child malnutrition has barely declined at all in a decade and a half, anemia among women and children has actually risen and a third of all adult women were undernourished. The scheme has also had limited coverage. Therefore, the answer are increasing coverage to ensure rapid universalization; changing the design, and planning the implementation in sufficient detail that the object are not vitiated by the design of implementation .

First, the ICDS has to be universalized. Second, the current scheme does not focus on children between 0 and 3 years. However, malnutrition sets in uteri and is likely to intensify during during the 0-3 year period, if not addressed. In fact, this window of opportunity never returns in the lifetime of the child. A child malnourished during 0-3 years will be marred physically and mentally for life. The design of the scheme has to address this problem frontally.

The mother's malnutrition has knock-on effects on the child's malnutrition. Exclusive breastfeeding for six months is necessary to avoid unnecessary infections to the baby, develop the baby's develop the baby's immunity, and ensure growth. The baby must begin to receive solid, mushy food at 6 months (i.e. together with breastfeeds) to continue to grow in the way nature intended her to grow. The ICDS scheme accordingly needs to be restructured in a manner that addresses some of the weaknesses that have emerged and renders it suitable for universalization. The programme must effectively integrate the different elements that affect nutrition and reflect the different needs of children in different age groups.

A part from the above, preliminary findings of FOCUS (Focus on children under Six) in six states brings out some of the problems and regional disparities in the working of ICGS. This study that Educated states scores over the northern states in infrastructure, quality of pre-school education, immunization rates, mother's perceptions and, quality of Anganwadi workers.

Saxena provides several recommendations for improvement of ICDS. According to this study, ICDS is reaching only 12.5 percent of children in the age group 6 months to 6 years.Every plan document aims at halving the incidence of malnutrition and reduce anemia among pregnant women and children to under 10 percent. To achieve these objectives, ICDS has to be restructured with higher allocations of funds and effective implementation.

Mid-day Meal Scheme: The mid-day meal scheme(MDMS) has been revised and universalized at the primary level from 1 September 2004. Recently, the MDMS has been extended to Upper Primary School from 1 October 2007. MDNS was supposed to cover about 18 crore children by 2008-09. There are problems MDMS with regard to financial allocations and the quality of the scheme. The sixth report of the commissioner appointed by the Supreme Court also points out inadequate infrastructure 4 mid -day meals. Of the sixteen States that sent data to the commissioner in this regard, thirteen state that less than 45 percent school have a separate kitchen.

The 11th Five year plan has given the following action points for improving the performance of MDMS : (1) MDM to be managed by the local community and PRIs/NGOs, and not contractor-driven: civic quality and safety t be prime considerations; (2) sensitize teachers and other involved in nutrition, hygiene, eleanliness, and safety norms to rectify observed deficiencies; (3) Involve nutrition expert in planning low cost nutrition menu and for periodic of samples of prepared food;(4) promote locally grown nutritionally rich food items through kitchen gardens in school ,etc.; (5) revive

the school health programme ;disseminate and replicate best practices adopted by states: (vi) provide drinking facilities in all schools on an urgent basis: (vii) display status regarding supplies. Funds norms. Weekly menu, and coverage in schools to ensure transparency (viii) central assistance to cooking cost should be based on the actual number of beneficiary children and not on enrolment. (ix) promote social audit: (x) Online monitoring[59]

Other Child-specific measure: ICDS and mid-day meals are child- specific programmes. One of the houschold responses to shocks is that children have less time to study. Or spend time in school or drop-out of school. The short term measure can be to increase funding to school feeding programmes so that the quantity of food that children get is not compromised The long term measure is to provide incentive to children to continue in school. School feeding programmes . financial incentives for children in school quality of education. Etc. are some of the long term measures. Of course, social protection programmes for households can raise household income and reduce child labour. Increased pressure on woman due to employment may affect the children adversely. The government has to ensure continued funding to existing public provision of childcare services. Support can be given for increasing women employment by providing community or public child care facilities care responsibilities can be incorporated in the design and implementation of policies in spending on basic services like health and education. This would affect the children adversely health care should be given more finances and incentives have to be provided for schooling.

NREGA : By now it is well recognized that rural works programmes (RWPs0 have become important instruments in the strategies for alleviating poverty and hunger many developing countries.

Enacting the national Employment Guarantee Act is one of the key electorl promises of the ruling coalition at the centre under the common Minimum programme (CMP) The bill was passed by the parliament in August 2005 and became the national Rural Employment Guarantee Act. 2005 (NREGA) This is a step towards legal enforcement of the Right to work, as an aspect of the fundamental right to live with dignity NREGA was notified in September. 2005 with the aim to enhance livelihood security in rural areas by providing at least 100 days of guaranteed wage employment in a financial year auxiliary objective is regenerating a natural resource base and creating productive asses. The third a process objective is to strengthen grass root democracy by infusing transparency and accountability in governance. It is the first time that a rights based approach for employment has been introduced throughout India.This is the largest ever public employment programme visualized in human history. One of the most important requisites for this programme is transparency and accountability. Gram Sabhas conduct social audits of all works taken up within Gram panchayat. Social audit includes serutinizing and verifying the authenticity of all records and procedures of the programmed and expenditure. Social audit of all works in the Gram panchayat area is conductd by the Gram Sabhs The performance of the national Rural Employment Guarantee Scheme (NREGS) is uneven The problems and challenges in areas where it is unable to deliver are the following (i) awareness problems among workers: (ii) implementation and administration problems: (iii) monitoring and evaluation problems: (iv) lack of professionals and capacity building at various levels; particularly at the panchayat level.

However most evaluations official and non-offcial show that implementation in the case of NREGS has been more effective than for any of its predecessor schemes. In particular the leakages have been reduced significantly in many places. A singnificant increase in the agricultural wage is reduced, providing much needed relief during the financial crisis with the urban poor returning to rural areas. The 11th five year plan indicates that NREGS is going to be one of the important programmes for poverty reduction in India NREGS has the potential to not only transform livelihoods of the poor. But also to revolutionize rural governance.

NREGS provides a great opportunity to generate employment and create productive assets. If these can be linked to overall development there will be less need for such schemes in future If implemented effectively ,NREGA will be the biggest social security programme for unorganized workers.

Despite inefficiencies the contribution of social protection programmes to the observed reduction in rural poverty and as insurance for risk has been significant, even though their potential is much greater. There are several lessons in social protection to be learnt from the Indian experience These lessons will be useful for effective implementation of these programmes.

References:-

1. Ravallion and Van de Walle,2022
2. Agarwal, 2022, Land distribution and tenure were also major issues in may other countries often with gender implications, ‘since, despite women being responsible for much of the food production, the land titles are typically granted to men.
3. Timmer and Da we, 2021
4. Government of India ,2018
5. World Bank,2021

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारतीय संविधान में बाल श्रम निरोध

रोहित*

* (राजनीति विज्ञान) वार्ड नंबर 11, अनुपगढ (राज.) भारत

प्रस्तावना – भारत का संविधान स्वतंत्र भारत का एक अनुपम विस्तृत दस्तावेज है जिसमें नव स्वतंत्र भारत की लगभग प्रत्येक समस्या के समाधान की दिशा निर्दिष्ट करने का प्रयत्न किया गया है। उसी पर चलकर कालान्तर में विविध कानूनों का निर्माण किया गया। भारत के विशाल संविधान में अनुच्छेद–24 में बाल श्रम की समस्या का उपचार करने का भी सार्थक प्रयास किया गया है।

बाल श्रम से तात्पर्य उन समस्त कार्यकलापों से है जिनसे बच्चों का मानसिक, शारीरिक, सामाजिक एवं नैतिक विकास अवरूद्ध होता है. जो इस दृष्टिकोण से अत्यंत हानिप्रद है. इनसे बच्चों की स्कूली शिक्षा में व्यवधान उत्पन्न होता है जैसे यह उन्हें स्कूल जाने के अवसर से वंचित करते हैं अथवा उनके शिक्षण की अवधि को सीमित कर उन्हें समय से पूर्व स्कूल छोड़ने के लिये विवश करते हैं। इसी का वीभत्स रूप बच्चों को उनके परिवार से दूर करना, उन्हें गुलाम बनाना एवं उन्हें जीवन एवं स्वास्थ्य संबंधी गंभीर रूप से खतरनाक दशाओं में कार्य करने के लिये विवश करना है। जिस समय भारत स्वतंत्र हुआ, उस समय यह समस्या विकटतम स्वरूप में दृष्टिगोचर होती है। किसी भी देश का आर्थिक विकास उनके मानव संसाधनों की गुणवत्ताा पर निर्भर करता है। एक आदर्श, सक्रिय एवं जागरूक नागरिक के निर्माण के लिये उसे स्वस्थ एवं सुरक्षित बचपन उपलब्ध करवाना वांछनीय है, साथ ही यह बच्चों की नैसर्गिक आवश्यकता भी है। बाल श्रम के दीर्घकाल में होने वाले नुकसानों को ध्यान में रखकर इसके निरोध की दिशा में सार्थक प्रयास उस समय अत्यंत आवश्यक थे। यही कारण है कि भारत के दूरवर्शी संविधान निर्माताओं ने बाल श्रम के निरोध हेतु उपयुक्त प्रावधान किये तथा संविधान के लचीलेपन ने उन प्रावधानों में समयानुसार परिवर्तन का रास्ता भी उपलब्ध करवाया।

भारतीय संविधान में शोषण के विरूद्ध अधिकतर अत्यंत महत्वपूर्ण मौलिक अधिकार है यह भारत के प्रत्येक नागरिक को किसी भी प्रकार के जबरन श्रम न करवाने की सुरक्षा की गारंटी देता है। यह संविधान के अनुच्छेद–23 एवं अनुच्छेद–24 में निहित है जिसके माध्यम से शोषण के विरूद्ध अधिकार की गारंटी देता है। पराधीन भारत में शोषण अत्यंत व्यापक स्तर पर व्याप्त था। भारत के संविधान के अनुच्छेद 23 में मानव तस्करी एवं बलात श्रम के निषेध संबंधी व्यवस्थाएँ व्यापक स्तर पर स्थापित की गई है वहीं अनुच्छेद–24 पूर्णत बाल श्रम से संबंधित प्रावधान करता है, यह कारखानों बच्चों के रोजगार में पर प्रतिबंध लगाता है। इसके अनुसार 'चौवह वर्ष से कम उम्र के किसी भी बच्चे को किसी कारखाने या खदान में काम करने के लिये नियोजित नहीं किया जायेगा या किसी भी खतरनाक रोजगार में नहीं लगाया जायेगा।' यह अनुच्छेद बिना किसी अपवाद के किसी भी खतरनाक उद्योग या कारखानों या खदानों में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के रोजगार पर रोक लगाता है। इसमें बाल श्रमिक की आयु सीमा 14 वर्ष मानी गयी है तथा यह बड़े ही व्यापक रूप से समस्त खतरनाक कार्य स्थलों पर बाल श्रमिकों की नियुक्ति एवं उपस्थिति को पूर्णत: प्रतिबंधित करता है। यद्यपि गैर खतरनाक कार्यों में बच्चों के रोजगार एवं नियुक्ति की अनुमति दी गयी है तथा इस अनुच्छेद में व्यापक स्तर पर खतरनाक क्षेत्रों में बच्चों को बाल श्रम से बचाया जिससे उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास पर कोई विपरीत नकारात्मक प्रभाव न पड़े।

संविधान में बाल श्रम निरोध के प्रावधान करने मात्र से इस चिन्ताजनक समस्या का हल संभव नहीं था, वरन इसके परिपालन में कानून बनाने की भी आवश्यकता थी। स्वतंत्र भारत में कारखानों में बच्चों के रोजगार के लिये न्यूनतम आयु निर्धारित करने का कार्य कारखाना अधिनियम 1948 में किया जिसने यह आयु सीमा 14 वर्ष निर्धारित की थी। कालान्तर में 1954 इसमें यह संशोधन किया गया कि 17 वर्ष के कम उम्र के बच्चों से रात में काम नहीं करवाया जा सकता है। अनुच्छेद–24 के परिपालन में पारित दूसरा कानून खान अधिनियम, 1952 है जो खदानों में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों की नियुक्ति को प्रतिबंधित करता है। इस दिशा में अत्यधिक प्रभावी तीन अधिनियम बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 एवं बाल श्रम (निषेध और विनियमन) संशोधन अधिनियम 2016 एवं 2017 है। 1979 में गुरूपाद स्वामी समिति, जो कि भारत की केन्द्र सरकार द्वारा गठित वैधानिक समिति थी, का मत था कि बाल श्रम का मूल कारण गरीबी है। इसी समिति के निष्कों के आधार पर बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम 1986 पारित किया गया। 1986 का अधिनियम 13 व्यवसायों एवं 57 प्रक्रियाओं में बच्चों के रोजगार को प्रतिबन्धित करते हुये यह स्पष्ट करता है कि एक ऐसा व्यक्ति जो अभी 14 वर्ष की उम्र का भी नहीं है, वह कहाँ कार्य कर सकता है और कहाँ उसे नियोजित नहीं किया जा सकता है। इसी सुधारात्मक व्यवस्था को आगे बढ़ाते हुये 2016 के संशोधन अधिनियम में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को रोजगार पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया जिससे ये बच्चे बाल श्रम की जटिलताओं से बच सके तथा कम से कम प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा प्राप्त करने के अवसर उन्हें प्राप्त हो सके। साथ ही बाल सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये 14 से 18 वर्ष की आयु के लोगों को खतरनाक व्यवसायों एवं उपक्रमों में रोजगार देने को भी पूर्णत: प्रतिबंधित

कर दिया। पारिवारिक व्यवसायों एवं कलाकारों के रूप में कार्य करने वालों को अवश्य इस प्रतिबंध से मुक्त रखा गया। इसके पश्चात भी इस क्षेत्र में नवीनतम परिवर्तन वांछनीय थे अतएव बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2017 द्वारा पारिवारिक व्यवसायों तथा कलाकारों के रूप में कार्य करने वाले श्रमिकों को भी सुरक्षा प्रदान करने हेतु काम के घंटे एवं शर्ते भी तय किये गये। यह अधिनियम बाल एवं किशोर श्रमिकों की रोकथाम, निषेध, बचाव एवं पुनर्वास के लिये एक योजनाबद्ध विशिष्ट ढांचा भी तैयार करने का मार्गदर्शन करता है। कानूनों के निर्माण एवं परिपालन के साथ-साथ भारत सरकार अन्य प्रयासों एवं परियोजनाओं के माध्यम से प्रत्यनशील बनी हुयी है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, इण्डस परियोजना और राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना (एनसीएलपी) का सफल क्रियान्वयन सरकार के सार्थक प्रयास हैं।

भारतीय संविधान की मंशा एवं भारत सरकार के बाल श्रम निरोध कानूनों के बाद भी आज भी यह समस्या देश में बनी हुयी है, जिसकी उपस्थिति समग्र विकास के 2030 के लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में एक प्रमुख बाधा है जिसे कानूनी प्रयासों के साथ जन चेतना, शिक्षा के विकास, गरीबी उन्मूलन, बेरोजगारी रोकने जैसे उपयों से सीमित किया जा सकता है। यदि परिवार के बड़े सवस्य रोजगार पाकर परिवार का भरण पोषण सुचारू रूप से कर रहे हे तो बच्चों को रोजगार में लगाने की आवश्यकता ही नहीं होगी। जनकल्याणकारी योजनाएँ एवं नैतिक मूल्यों का विकास भी इस दिशा में सकारात्मक भूमिका निभा रहे हैं। परिवार नियंत्रण की ओर ध्यान देना भी अपेक्षित है। शिक्षा का व्यापक विस्तार एवं शैक्षणिक सुधार के माध्यम से वांछित परिणामों की उम्मीद की जा सकती है। परन्तु मूल बात यह है कि संविधान के 24वे अनुच्छेद में यदि बाल श्रम की गंभीरता को आंकते हुए प्रावधान न किये होते तो आज परिदृश्य दूसरा ही होता, इस हेतु सम्पूर्ण भारतीय नागरिक भारत के संविधान को नमन करते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. अम्बेडकर, बी. आर. भारत का संविधान।
2. राय, रामबहादुर भारतीय संविधान, अनकही कहानी।
3. त्रिपाठी, विनायक बाल श्रम और अपराध।
4. शिवहरे रोली, दुबे प्रशान्त बाल श्रम।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारत में स्थानीय शासन: एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

विनोद कुमार विश्नोई *

*** एम.ए. नेट (राजनीति विज्ञान) ग्राम - समेलिया, पोस्ट घोड़ास, तह. मांडल, जिला भीलवाड़ा (राज.) भारत**

प्रस्तावना – भारत, अपनी विशाल भौगोलिक और सांस्कृतिक विविधता के साथ, स्थानीय शासन (Local Governance) को लोकतंत्र की आधारशिला के रूप में स्थापित करता है। स्थानीय शासन का अर्थ है शासन की शक्तियों का विकेंद्रीकरण, जिससे ग्रामीण और शहरी समुदाय अपने विकास और प्रशासन में सक्रिय भागीदारी कर सकें। भारत में स्थानीय शासन की दो प्रमुख प्रणालियाँ हैं। पंचायती राज व्यवस्था (ग्रामीण क्षेत्रों के लिए) और नगरपालिका प्रणाली (शहरी क्षेत्रों के लिए)। 73वें और 74वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम (1992) ने इन संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया, जिससे स्थानीय स्तर पर लोकतांत्रिक भागीदारी को बढ़ावा मिला।

यह रिसर्च पेपर भारत में स्थानीय शासन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, संवैधानिक ढांचे, कार्यान्वयन की चुनौतियों, और सुधार की संभावनाओं का विश्लेषण करता है। विशेष रूप से, केरल और राजस्थान के उदाहरणों के माध्यम से स्थानीय शासन की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, स्मार्ट सिटी मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, और डिजिटल इंडिया जैसी नई विकास नीतियों के प्रभाव और 2025 तक के संदर्भों को शामिल किया जाएगा। पेपर का उद्देश्य यह समझना है कि स्थानीय शासन भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को कैसे सशक्त करता है और इसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते है।

ऐतिहासिक पृष्ठभूमिभारत में स्थानीय शासन की जड़ें प्राचीन काल में मिलती हैं। वैदिक साहित्य में ग्राम सभा और ग्रामिणी का उल्लेख मिलता है, जो स्थानीय प्रशासन की इकाइयाँ थीं। मौर्य और गुप्त काल में भी स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक व्यवस्थाएँ थीं। मध्यकाल में, मुगल शासन के दौरान ग्राम पंचायतें सामाजिक और प्रशासनिक विवादों को सुलझाने का माध्यम थीं। ब्रिटिश काल में, 1882 में लॉर्ड रिपन द्वारा शुरू किए गए स्थानीय स्वशासन के प्रयासों को आधुनिक स्थानीय शासन की शुरुआत माना जाता है। हालांकि, ये प्रयास औपनिवेशिक हितों को ध्यान में रखकर किए गए थे।

स्वतंत्रता के बाद, भारत ने स्थानीय शासन को पुनर्जनन करने का प्रयास किया। 1952 में सामुदायिक विकास कार्यक्रम शुरू किया गया, लेकिन यह केंद्रीकृत दृष्टिकोण के कारण प्रभावी नहीं रहा। 1957 में बलवंत राय मेहता समिति ने त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की सिफारिश की, जिसे 1959 में राजस्थान के नागौर में पंडित जवाहरलाल नेहरू ने शुरू किया (Testbook, 2025)। 1977 में अशोक मेहता समिति और 1986 में जी.वी.के. राव समिति ने पंचायती राज को और सशक्त करने के लिए सुझाव दिए। 1992 में 73वें और 74वें संवैधानिक संशोधनों ने स्थानीय शासन को संवैधानिक आधार प्रदान किया, जिसने भारत की संघीय व्यवस्था को त्रिस्तरीय बनाया (Panchayati Raj Ministry n.d.)।संवैधानिक ढांचा 73वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम73वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 24 अप्रैल 1993 को लागू हुआ, जिसने ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायती राज संस्थाओं (PRI) को संवैधानिक दर्जा दिया (Drishtri IAS, 2020)। इसके प्रमुख प्रावधान निम्नलिखित हैं: त्रिस्तरीय संरचनारू ग्राम पंचायत (गाँव स्तर), पंचायत समिति (ब्लॉक स्तर), और जिला परिषद (जिला स्तर)।

प्रत्यक्ष चुनाव: पंचायतों के सदस्यों का प्रत्यक्ष चुनाव हर पाँच वर्ष में।

आरक्षण: अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति और महिलाओं (कम से कम एक-तिहाई सीटें) के लिए आरक्षण।

राज्य वित्ता आयोग: पंचायतों को वित्तीय संसाधन आवंटित करने के लिए प्रत्येक राज्य में वित्त आयोग की स्थापना।

11वीं अनुसूची 29 विषयों (जैसे कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य) को पंचायतों के कार्यक्षेत्र में शामिल करना।74वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम74वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1 जून 1993 को लागू हुआ, जिसने शहरी स्थानीय निकायों को संवैधानिक दर्जा दिया इसके प्रमुख प्रावधान हैं:

संरचना: नगर पालिका, नगर निगम, और नगर परिषद।

प्रत्यक्ष चुनाव: शहरी निकायों के सदस्यों का प्रत्यक्ष चुनाव।

आरक्षण:अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति और महिलाओं के लिए आरक्षण।

12वीं अनुसूची: 18 विषयों (जैसे शहरी नियोजन, जल आपूर्ति) को नगरपालिकाओं के कार्यक्षेत्र में शामिल करना।

जिला योजना समिति: जिला स्तर पर योजनाओं के समन्वय के लिए समिति का गठन।इन संशोधनों ने भारत में स्थानीय शासन को विकेंद्रीकृत और लोकतांत्रिक बनाने का आधार प्रदान किया।

केरल और राजस्थान में स्थानीय शासन: एक तुलनात्मक अध्ययन

केरल: विकेंद्रीकरण का मॉडल केरल भारत में स्थानीय शासन के लिए एक आदर्श माना जाता है, विशेष रूप से अपने जन योजना अभियान के कारण। 1996 में शुरू किए गए इस अभियान ने स्थानीय शासन को विकास योजनाओं का केंद्र बनाया। केरल ने निम्नलिखित उपाय किए:

वित्तीय हस्तांतरण: राज्य ने अपनी योजना राशि का 35-40% हिस्सा पंचायतों और नगरपालिकाओं को हस्तांतरित किया, जो अन्य राज्यों की

तुलना में अधिक है।

महिला सशक्तीकरण: केरल में कुदुम्बश्री कार्यक्रम ने महिलाओं को स्वयं-सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त किया। 2025 तक, कुदुम्बश्री के तहत 4.5 लाख से अधिक (SHGs) कार्यरत हैं (kudumbashree, 2025).

डिजिटल गवर्नेंस: केरल ने डिजिटल इंडिया पहल के तहत ग्राम पंचायतों को डिजिटल रूप से सशक्त किया। 2025 तक, 90% से अधिक पंचायतें ऑनलाइन सेवाएँ प्रदान करती हैं।

स्वच्छ भारत मिशन: केरल ने 2016 में ही खुले में शौच से मुक्ति का दर्जा प्राप्त कर लिया और 2025 तक सतत स्वच्छता पर ध्यान दे रहा है।केरल की सफलता का कारण उसकी उच्च साक्षरता दर, सामाजिक जागरूकता, और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति है।

राजस्थान: प्रगति और चुनौतियाँ: राजस्थान ने पंचायती राज की शुरुआत 1959 में की, लेकिन इसका कार्यान्वयन मिश्रित रहा है। राजस्थान में स्थानीय शासन की कुछ प्रमुख विशेषताएँ हैं:

महिला नेतृत्व: 73वें संशोधन के बाद, राजस्थान में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी। 2025 तक, 50% से अधिक पंचायतें महिलाओं द्वारा नेतृत्व की जा रही हैं (SEC, Raj., 2025)।

स्मार्ट विलेज पहल: राजस्थान ने 2023 में स्मार्ट विलेज कार्यक्रम शुरू किया, जिसके तहत 1000 गाँवों को डिजिटल और बुनियादी ढांचे से जोड़ा गया।

चुनौतियाँ: राजस्थान में वित्तीय संसाधनों की कमी, सामाजिक असमानताएँ, और प्रशासनिक अक्षमता बाधक हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल विभाजन भी एक समस्या है।राजस्थान ने प्रगति की है, लेकिन केरल की तुलना में यह वित्तीय और सामाजिक बाधाओं से जूझ रहा है।नई विकास नीतियाँ और स्थानीय शासन2025 तक, भारत सरकार की कई विकास नीतियों ने स्थानीय शासन को प्रभावित किया है। इनमें शामिल हैं:

मार्ट सिटी मिशन: 2015 में शुरू इस मिशन ने शहरी स्थानीय निकायों को स्मार्ट बुनियादी ढांचे और डिजिटल शासन की ओर ले जाने का प्रयास किया। उदाहरण के लिए, जयपुर (राजस्थान) और कोच्चि (केरल) स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित हो रहे हैं।

स्वच्छ भारत मिशन: इस मिशन ने ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में स्वच्छता को बढ़ावा दिया। 2025 तक, भारत ने ODF+ और ODF++ जैसे उच्च मानकों को अपनाया है।

डिजिटल इंडिया: डिजिटल गवर्नेंस ने स्थानीय निकायों को पारदर्शी और कुशल बनाया। केरल में डिजिटल पंचायतें और राजस्थान में स्मार्ट विलेज इसका उदाहरण हैं।

आत्मनिर्भर भारत: 2020 में शुरू इस नीति ने स्थानीय निकायों को स्व-निर्भर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया, जैसे स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना और ग्रामीण उद्यमिता को प्रोत्साहन।इन नीतियों ने स्थानीय शासन को आधुनिक बनाया, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल बुनियादी ढांचे की कमी और प्रशिक्षण की आवश्यकता अभी भी चुनौतियाँ हैं।

स्थानीय शासन की चुनौतियाँ वित्तीय निर्भरता: स्थानीय निकाय अपनी आय के लिए केंद्र और राज्य सरकारों पर निर्भर हैं। 73वें संशोधन ने करारोपण की शक्ति राज्यों को सौंपी, लेकिन अधिकांश राज्यों ने इसे लागू नहीं किया।

प्रशासनिक अक्षमता: स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित कर्मचारियों और संसाधनों की कमी कार्यान्वयन को प्रभावित करती है।

राजनीतिक हस्तक्षेप: राज्य सरकारें अक्सर स्थानीय निकायों के कार्यों में हस्तक्षेप करती हैं, जिससे उनकी स्वायत्तता कम होती है।

सामाजिक असमानताएँ: जाति, लिंग, और आर्थिक असमानताएँ भागीदारी को सीमित करती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं का नेतृत्व अभी भी सामाजिक बाधाओं का सामना करता है।

डिजिटल विभाजन: ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और डिजिटल साक्षरता की कमी ई-गवर्नेंस को लागू करने में बाधा है।

चुनाव में देरी: सर्वोच्च न्यायालय ने 2020 में कहा कि कई राज्यों में स्थानीय निकायों के चुनाव समय पर नहीं हो रहे, जैसे मध्य प्रदेश में 2019-2020 के बाद कोई चुनाव नहीं हुआ ।

सुधार के लिए सुझाव वित्तीय सशक्तीकरण: स्थानीय निकायों को कर संग्रह और आय सृजन के लिए अधिक अधिकार दिए जाएँ। राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों को बाध्यकारी बनाया जाए।

क्षमता निर्माण: स्थानीय प्रतिनिधियों और कर्मचारियों के लिए नियमित प्रशिक्षण और डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ।

डिजिटल गवर्नेंस: ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल बुनियादी ढांचे का विस्तार और ई-गवर्नेंस को बढ़ावा।

महिला सशक्तीकरण: महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान और नेतृत्व प्रशिक्षण।

पारदर्शिता और जवाबदेही: सामाजिक अंकेक्षण और सूचना के अधिकार का प्रभावी उपयोग।

चुनाव सुधार: स्थानीय निकायों के चुनाव समय पर सुनिश्चित करने के लिए सख्त दिशानिर्देश।

निष्कर्ष:भारत में स्थानीय शासन लोकतंत्र को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण साधन है। 73वें और 74वें संवैधानिक संशोधनों ने इसे संवैधानिक आधार प्रदान किया और केरल और राजस्थान जैसे राज्यों ने इसकी सफलता और चुनौतियों को दर्शाया। नई विकास नीतियों, जैसे स्मार्ट सिटी मिशन और डिजिटल इंडिया, ने स्थानीय शासन को आधुनिक बनाया, लेकिन वित्तीय, प्रशासनिक, और सामाजिक बाधाएँ अभी भी मौजूद हैं। सुधारों के माध्यम से, जैसे वित्तीय सशक्तीकरण, डिजिटल गवर्नेंस, और क्षमता निर्माण, स्थानीय शासन को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। यह न केवल ग्रामीण और शहरी विकास को गति देगा, बल्कि भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को भी सशक्त करेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Drishti IAS(2020). पंचायती राज संस्थान. www.drishtiias.comDrishti IAS स्थानीय सरकारें, 73वाँ संविधान संशोधन, 74वाँ संशोधन अधिनियम (1992).
2. www.drishtiias.comKudumbashree (2025) Annual Report 2024&25
3. www.kudumbashree.orgPanchayati Raj Ministry. पंचायती राज मंत्रालय के बारे में. panchayat.gov.inState Election Commission
4. Rajasthan (2025) Local Election Report 2025. sec-rajasthan.gov.inTestbook पंचायती राज: इतिहास, उद्देश्य और विशेषताएं.

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भक्ति – सूफी परंपराए

संदीप*

* इतिहास विभाग, गाँव दोलतपुरा, पीलीबंगा (राज.) भारत

प्रस्तावना

1. धार्मिक विश्वासों और आचरणों की गंगा–जमुनी बनावट – संभवत: इस काल की सबसे प्रभावी विशिष्टता यह है कि साहित्य और मूर्तिकला दोनों में ही अनेक तरह के देवी–देवता अधिकाधिक दृष्टिगत होते हैं। एक स्तर पर यह तथ्य इस बात का द्योतक है कि विष्णु, शिव और देवी, जिन्हें अनेक रूपों में व्यक्त किया गया था, की आराधना की परिपाटी न केवल चलती रही अपितु और अधिक विस्तृत हुई।

1.1 पूजा प्रणालियों का समन्वय – वे इतिहासकार जो इस विकास को समझने का प्रयास करते हैं, उनका सुझाव है कि यहाँ कम से कम दो प्रक्रियाएँ कार्यरत थीं। एक प्रक्रिया ब्राह्मणीय विचारधारा के प्रचार की थी। इसका प्रसार पौराणिक ग्रंथों की रचना, संकलन और परिरक्षण द्वारा हुआ। ये ग्रंथ सरल संस्कृत छंदों में थे जो वैदिक विद्या से विहीन स्त्रियों और शूद्रों द्वारा भी ग्राह्य थे। इसी काल की एक अन्य प्रक्रिया थी स्त्री, शूद्रों व अन्य सामाजिक वर्गों की आस्थाओं और आचरणों को ब्राह्मणों द्वारा स्वीकृत किया जाना और उसे एक नया रूप प्रदान करना। वस्तुत: समाजशास्त्रियों का यह मानना है कि समूचे उपमहाद्वीप में अनेक धार्मिक विचारधाराएँ और पद्धतियाँ 'महान' संस्कृत–पौराणिक परिपाटी तथा 'लघु' परंपरा के बीच हुए अविरल संवाद का परिणाम हैं।

इस प्रक्रिया का सबसे विशिष्ट उदाहरण पुरी, उड़ीसा में मिलता है जहाँ मुख्य देवता को बारहवीं शताब्दी तक आते–आते जगन्नाथ (शाब्दिक अर्थ में संपूर्ण विश्व का स्वामी), विष्णु के एक स्वरूप के रूप में प्रस्तुत किया गया।देवताओं की पत्नी के रूप में मान्यता दी गई–कभी वह लक्ष्मी के रूप में विष्णु की पत्नी बनीं और कभी शिव की पत्नी पार्वती के रूप में सामने आईं।

1.2 भेद और संघर्ष – अधिकाशंत: देवी की आराधना पद्धति को तांत्रिक नाम से जाना जाता है। तांत्रिक पूजा पद्धति उपमहाद्वीप के कई भागों में प्रचलित थी–इसके अंतर्गत स्त्री और पुरुष दोनों ही शामिल हो सकते थे। इसके अतिरिक्त कर्मकांडीय संदर्भ में वर्ग और वर्ण के भेद की अवहेलना की जाती थी। इस पद्धति के विचारों ने शैव और बौद्ध दर्शन को भी प्रभावित किया खासतौर से उपमहाद्वीप के पूर्वी, उत्तरी और दक्षिणी भागों में। आगामी सहस्त्राब्दी में इन समस्त विश्वासों और आचारों का वर्गीकरण 'हिंदू' के रूप में हुआ। यदि हम वैदिक और पौराणिक परंपरा के बीच तुलना करें तो यह विषमता और अधिक स्पष्ट रूप से उभर कर आती है। वैदिक देवकुल के अग्नि, इंद्र और सोम जैसे देवता पूरी तरह गौण हो गए और साहित्य व मूर्तिकला दोनों में ही उनका निरूपण नहीं दिखता। हालाँकि वैदिक मंत्रों में विष्णु, शिव और देवी की झलक मिलती है, इसकी तुलना इनके विशद, पौराणिक मिथकों से कदापि नहीं की जा सकती। किंतु इन असंगतियों के बावजूद वेदों को प्रामाणिक माना जाता रहा।

इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं कि कभी संघर्ष की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती थी। वैदिक परिपाटी के प्रशंसक उन सभी आचारों की निंदा करते थे जो ईश्वर की उपासना के लिए मंत्रों के उच्चारण के साथ यज्ञों के संपादन से परे थे। इसके विपरीत, वे लोग थे जो तांत्रिक आराधना में लगे थे और वैदिक सत्ता की अवहेलना करते थे। इसके अलावा भक्त अपने इष्टदेव विष्णु या शिव को भी कई बार सर्वोच्च प्रक्षेपित करते थे। अन्य परंपराओं जैसे बौद्ध अथवा जैन धर्म से भी संबंध अकसर तनावपूर्ण हो जाते थे। यद्यपि स्पष्ट द्वंद्व कम दिखाई पड़ते थे।भक्ति परंपरा को हमें इसी संदर्भ में रखकर देखना होगा। हम जिस काल विशेष पर गौर कर रहे हैं उससे पूर्व लगभग एक हजार वर्ष पुरानी भक्तिपूर्ण उपासना की परिपाटी रही है। इस समय भक्ति प्रदर्शन में, मंदिरों में इष्टदेव की आराधना से लेकर उपासकों का प्रेमभाव में तल्लीन हो जाना, दिखाई पड़ता है। भक्ति रचनाओं का उच्चारण अथवा गाया जाना इस उपासना पद्धति के अंश थे। वैष्णव और शैव संप्रदायों पर तो यह कथन विशेष रूप से लागू होता है।

2. उपासना की कविताएँ प्रारंभिक भक्ति परंपरा – आराधना के तरीकों के क्रमिक विकास के दौरान बहुत बार संत कवि ऐसे नेता के रूप में उभरे जिनके आस–पास भक्तजनों के एक पूरे समुदाय का गठन हो गया। यद्यपि बहुत सी भक्ति परंपराओं में ब्राह्मण, देवताओं और भक्तजन के बीच महत्वपूर्ण बिचौलिए बने रहे तथापि इन परंपराओं ने स्त्रियों और 'निम्न वर्णों' को भी स्वीकृति व स्थान दिया। भक्ति परंपरा की एक और विशेषता इसकी विविधता है।

दूसरे स्तर पर, धर्म के इतिहासकार भक्ति परंपरा को दो मुख्य वर्गों में बाँटते हैं : सगुण (विशेषण सहित) और निर्गुण (विशेषण विहीन)। प्रथम वर्ग में शिव, विष्णु तथा उनके अवतार व देवियों की आराधना आती है, जिनकी मूर्त रूप में अवधारणा हुई। निर्गुण भक्ति परंपरा में अमूर्त, निराकार ईश्वर की उपासना की जाती थी।

2.1 तमिलनाडु के अलवार और नयनार संत – प्रारंभिक भक्ति आंदोलन (लगभग छठी शताब्दी) अलवारों (विष्णु भक्ति में तन्मय) और नयनारों (शिवभक्त) के नेतृत्व में हुआ। वे एक स्थान से दूसरे स्थान पर भ्रमण करते हुए तमिल में अपने ईष्ट की स्तुति में भजन गाते थे।अपनी यात्राओं के दौरान

अलवार और नयनार संतों ने कुछ पावन स्थलों को अपने इष्ट का निवासस्थल घोषित किया। इन्हीं स्थलों पर बाद में विशाल मंदिरों का निर्माण हुआ और वे तीर्थस्थल माने गए। संत-कवियों के भजनों को इन मंदिरों में अनुष्ठानों के समय गाया जाता था और साथ ही इन संतों की प्रतिमा की भी पूजा की जाती थी।

2.2 जाति के प्रति दृष्टिकोण कुछ इतिहासकारों का यह मानना है कि अलवार और नयनार संतों ने जाति प्रथा व ब्राह्मणों की प्रभुता के विरोध में आवाज उठाई। कुछ हद तक यह बात सत्य प्रतीत होती है क्योंकि भक्ति संत विविध समुदायों से थे जैसे ब्राह्मण, शिल्पकार, किसान और कुछ तो उन जातियों से आए थे जिन्हें 'अस्पृश्य' माना जाता था।अलवार और नयनार संतों की रचनाओं को वेद जितना महत्तवपूर्ण बताकर इस परंपरा को सम्मानित किया गया। उदाहरणस्वरूप, अलवार संतों के एक मुख्य काव्य संकलन नलयिरादिव्यप्रबंधम् का वर्णन तमिल वेद के रूप में किया जाता था। इस तरह इस ग्रंथ का महत्व संस्कृत के चारों वेदों जितना बताया गया जो ब्राह्मणों द्वारा पोषित थे।

2.3 स्त्री भक्त – संभवत: इस परंपरा की सबसे बड़ी विशिष्टता इसमें स्त्रियों की उपस्थिति थी। उदाहरणत: अंडाल नामक अलवार स्त्री के भक्ति गीत व्यापक स्तर पर गाए जाते थे (और आज भी गाए जाते हैं)। अंडाल स्वयं को विष्णु की प्रेयसी मानकर अपनी प्रेमभावना को छंदों में व्यक्त करती थीं। एक और स्त्री शिवभक्त करइक्काल अम्मइयार ने अपने उद्देश्य प्राप्ति हेतु घोर तपस्या का मार्ग अपनाया। नयनार परंपरा में उसकी रचनाओं को सुरक्षित किया गया। हालाँकि इन स्त्रियों ने अपने सामाजिक कर्तव्यों का परित्याग किया। वह किसी वैकल्पिक व्यवस्था अथवा भिक्षुणी समुदाय की सदस्या नहीं बनीं। इन स्त्रियों की जीवन पद्धति और इनकी रचनाओं ने पितृसत्तात्मक आदर्शों को चुनौती दी।

2.4 सूफी और राज्य – चिश्ती संप्रदाय की एक और विशेषता संयम और सादगी का जीवन था जिसमें सत्ता से दूर रहने पर बल दिया जाता था। किंतु इसका मतलब यह नहीं था कि राजनीतिक सत्ता से अलगाव का भाव रखा जाए। सत्ताधारी विशिष्ट वर्ग अगर बिना माँगे अनुदान या भेंट देता था तो सूफी संत उसे स्वीकार करते थे। सुल्तानों ने खानकाहों को कर मुक्त (इनाम) भूमि अनुदान में दी और दान संबंधी न्यास स्थापित किए।

चिश्ती धन और सामान के रूप में दान स्वीकार करते थे किंतु इनको सँजोने के बजाय खाने, कपड़े, रहने की व्यवस्था और अनुष्ठानों जैसे समा की महफिलों पर पूरी तरह खर्च कर देते थे। इस तरह शेख के नैतिक अधिकार की पुष्टि होती थी और आम लोगों का उनकी ओर झुकाव बढ़ता था। सूफी संतों की धर्मनिष्ठा, विद्वता और लोगों द्वारा उनकी चमत्कारी शक्ति में विश्वास उनकी लोकप्रियता का कारण था। इन वजहों से शासक भी उनका समर्थन हासिल करना चाहते थे।

शासक न केवल सूफी संतों से संपर्क रखना चाहते थे अपितु उनके समर्थन के भी कायल थे। जब तुर्कों ने दिल्ली सल्तनत की स्थापना की तो उलमा द्वारा शरिया लागू किए जाने की माँग को ठुकरा दिया। सुल्तान जानते थे कि उनकी अधिकांश प्रजा इस्लाम धर्म मानने वाली नहीं है। ऐसे समय सुल्तानों ने सूफी संतों का सहारा लिया जो अपनी आध्यात्मिक सत्ता को अल्लाह से उद्भूत मानते थे और उलमा द्वारा शरिया की व्याख्या पर निर्भर नहीं थे।यह भी माना जाता था कि औलिया मध्यस्थ के रूप में ईश्वर से लोगों की ऐहिक और आध्यात्मिक दशा में सुधार लाने का कार्य करते हैं। शायद इसलिए शासक अपनी कब्र सूफी दरगाहों और खानकाहों के नजदीक बनाना चाहते थे। सुल्तानों और सूफियों के बीच तनाव के उदाहरण भी मौजूद हैं। अपनी सत्ता का दावा करने के लिए दोनों ही कुछ आचारों पर बल देते थे जैसे झुक कर प्रणाम और कदम चूमना। कभी-कभी सूफी शेखों को आडंबरपूर्ण पदवी से संबोधित किया जाता था। उदाहरणत:, शेख निजामुद्दीन औलिया के अनुयायी उन्हें सुल्तान-उल-मशेख (अर्थात शेखों में सुल्तान) कह कर संबोधित करते थे।

3. नवीन भक्ति पंथ उत्तरी भारत में संवाद और असहमति – अनेक संत कवियों ने नवीन सामाजिक परिस्थितियों, विचारों और संस्थाओं के साथ स्पष्ट और सांकेतिक दोनों किस्म के संवाद कायम किए। इस काल के तीन प्रमुख और प्रभावकारी व्यक्तियों पर दृष्टिपात कर हम देखेंगे कि इन संवादों को किस भाँति अभिव्यक्ति मिली।

3.1 दैवीय वस्त्र की बुनाई रू कबीर – कबीर (लगभग चौदहवीं-पंद्रहवीं शताब्दी) इस पृष्ठभूमि में उभरने वाले संत कवियों में अप्रतिम थे। इतिहासकारों ने उनके जीवन और काल का अध्न उनके काव्य और बाद में लिखी गई जीवनियों के आधार पर किया है। यह प्रक्रिया कई वजहों से चुनौतीपूर्ण रही है। कबीर की बानी तीन विशिष्ट किंतु परस्पर व्याप्त परिपाटियों में संकलित है। कबीर बीजक कबीर पंथियों द्वारा वाराणसी तथा उत्तर प्रदेश के अन्य स्थानों पर संरक्षित है। कबीर ग्रंथावली का संबंध राजस्थान के दादू पंथियों से है। इसके अतिरिक्त कबीर के कई पद आदि ग्रंथ साहिब में संकलित हैं। लगभग सभी पांडुलिपि संकलन कबीर की मृत्यु के बहुत बाद में किए गए। उन्नीसवीं शताब्दी में उनके पद संग्रहों को बंगाल, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे क्षेत्रों में मुद्रांकित किया गया। कबीर की रचनाएँ अनेक भाषाओं और बोलियों में मिलती हैं। इनमें से कुछ निर्गुण कवियों की खास बोली संत भाषा में हैं। कुछ रचनाएँ जिन्हें उलटबाँसी (उलटी कही उक्तियाँ) के नाम से जाना जाता है, इस प्रकार से लिखी गई कि उनके रोजमर्रा के अर्थ को उलट दिया गया। इन उलटबाँसी रचनाओं का तात्पर्य परम सत्य के स्वरूप को समझने की मुश्किल दर्शाता है। ष्केवल ज फूल्या फूल बिनष और 'समंदरि लागि आगि' जैसी अभिव्यंजनाएँ कबीर की रहस्यवादी अनुभूतियों को दर्शाती हैं। कबीर बानी की एक और विशिष्टता यह है कि उन्होंने परम सत्य को वर्णित करने के लिए अनेक परिपाटियों का सहारा लिया। इस्लामी दर्शन की तरह वे इस सत्य को अल्लाह, खुदा, हजरत और पीर कहते हैं। वेदांत दर्शन से प्रभावित वे सत्य को अलख (अदृश्य), निराकार, ब्रह्मन् और आत्मन् कह कर भी संबोधित करते हैं। कबीर कुछ और शब्द-पदों का इस्तेमाल करते हैं जैसे शब्द और शून्य, यह अभिव्यंजनाएँ योगी परंपरा से ली गई हैं।

3.2 बाबा गुरु नानक और पवित्र शब्द – बाबा गुरु नानक (1469-1539) का जन्म एक हिंदू व्यापारी परिवार में हुआ। उनका जन्मस्थल मुख्यत: इस्लाम धर्मावलंबी पंजाब का ननकाना गाँव था जो रावी नदी के पास था। उन्होंने फारसी पढ़ी और लेखाकार के कार्य का प्रशिक्षण प्राप्त किया। उनका विवाह छोटी आयु में हो गया था किंतु वह अपना अधिक समय सूफी और भक्त संतों के बीच गुजारते थे। उन्होंने दूर-दराज की यात्राएँ भी कीं। बाबा गुरु नानक का संदेश उनके भजनों और उपदेशों में निहित है। इनसे पता लगता है कि उन्होंने निर्गुण भक्ति का प्रचार किया। धर्म के सभी बाहरी आडंबरों को उन्होंनेअस्वीकार किया जैसे यज्ञ, आनुष्ठानिक स्नान, मूर्ति पूजा व कठोर तप। हिन्दू और मुसलमानों के धर्मग्रंथों को भी उन्होंने

नकारा। बाबा गुरू नानक के लिए परम पूर्ण रब का कोई लिंग या आकार नहीं था। उन्होंने इस रब की उपासना के लिए एक सरल अपने विचार पंजाबी भाषा में शबद के माध्यम से सामने रखे। बाबा गुरु नानक यह शबद अलग-अलग रागों में गाते थे और उनका सेवक मरदाना रबाब बजाकर उनका साथ देता था।

बाबा गुरु नानक ने अपने अनुयायियों को एक समुदाय में संगठित किया। सामुदायिक उपासना (संगत) के नियम निर्धारित किए जहाँ सामूहिक रूप से पाठ होता था। उन्होंने अपने अनुयायी अंगद को अपने बाद गुरुपद पर आसीन कियाय इस परिपाटी का पालन 200 वर्षों तक होता रहा।

ऐसा प्रतीत होता है कि बाबा गुरु नानक किसी नवीन धर्म की संस्थापना नहीं करना चाहते थे, किंतु उनकी मृत्यु के बाद उनके अनुयायियों ने अपने आचार-व्यवहार को सुगठित कर अपने को हिंदू और मुसलमान दोनों से पृथक चिह्नित किया। पाँचवें गुरु अर्जन देव जी ने बाबा गुरु नानक तथा उनके चार उत्तराधिकारियों, बाबा फरीद, रविदास और कबीर की बानी को आदि ग्रंथ साहिब में संकलित किया। इन को 'गुरबानी' कहा जाता है और ये अनेक भाषाओं में रचे गए। सत्रहवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में दसवें गुरु गोबिन्द सिंह जी ने नवें गुरु तेग बहादुर की रचनाओं को भी इसमें शामिल किया और इस ग्रंथ को गुरु ग्रंथ साहिब कहा गया। गुरु गोबिन्द सिंह ने खालसा पंथ (पवित्रों की सेना) की नींव डाली और उनके पाँच प्रतीकों का वर्णन किया रू बिना कटे केश, कृपाण, कच्छ, कंघा और लोहे का कड़ा। गुरु गोबिन्द सिंह के नेतृत्व में समुदाय एक सामाजिक, धार्मिक और सैन्य बल के रूप में संगठित होकर सामने आया।

3.3 मीराबाई, भक्तिमय राजकुमारी – मीराबाई (लगभग पंद्रहवीं-सोलहवीं शताब्दी) संभवत: भक्ति परंपरा की सबसे सुप्रसिद्ध कवयित्री हैं। उनकी जीवनी उनके लिखे भजनों के आधार पर संकलित की गई है जो शताब्दियों तक मौखिक रूप से संप्रेषित होते रहे। मीराबाई मारवाड़ के मेड़ता जिले की एक राजपूत राजकुमारी थीं जिनका विवाह उनकी इच्छा के विरुद्ध मेवाड़ के सिसोदिया कुल में कर दिया गया। उन्होंने अपने पति की आज्ञा की अवहेलना करते हुए पत्नी और माँ के परंपरागत दायित्वों को निभाने से इनकार किया और विष्णु के अवतार कृष्ण को अपना एकमात्र पति स्वीकार किया। उनके ससुराल वालों ने उन्हें विष देने का प्रयत्न किया। किन्तु वह राजभवन से निकल कर एक परिव्राजिका संत बन गईं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सूफी और भक्ति आंदोलन- डॉ. अमरकान्त सिंह
2. सूफी और भक्ति आंदोलन- महेश विक्रम सिंह
3. भक्ति काल के कवि - माधव हाड़ा
4. भारतीय इतिहास - एनसीईआरटी

****